तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 5 अक्टूबर 2025

16 साख सहकारी की बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय का ब्यौरा


17 महादेव घाट तट, अटल परिसर व दुर्गा पंडालों में हुई विशेष सफाई





न्यु
ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाउस, भिलाई
SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार, 8 से ज्यादा लोगों के साथ की धोखाधड़ी

## खाद्य निरीक्षक, पर्यवेक्षक और भृत्य के पदों के फर्जी नियुक्ति पत्र देकर 22 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



नौकरी लगाने का झांसा देकर आठ पीड़ितों से 22 लाख रुपए का ठगी करने के मामले में पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि महमरा दुर्ग निवासी दीपेश कुमार निषाद के गांव में रहने वाला मनोज साहू ने दोस्त मुकेश वर्मा और उसका भांजा रजत वर्मा के साथ मिलकर खाद निरीक्षक के नौकरी लगाने के लिए चार लाख रुपए का डिमांड किया।

जिसमें 2 लाख नगदी और ऑनलाइन से आरोपियों को मिला। आरोपियों ने फर्जी नियुक्ति आदेश को व्हाट्सएप पर भेज दिया। जबकि किसी का भी नौकरी नहीं लगने पर आरोपियों ने रुपए तक नहीं लौटाए। परेशान होकर शिकायत पुलिस में किया गया। पुलिस ने जब आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु किया। तब स्वीकार किया कि लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर रकम वसूल कर ठगी किया गया। ठगी का आरोपी मनोज कुमार साहू के पास से लोगों को दिए गए फर्जी नियुक्ति पत्र, कई कागजात, मोबाइल जप्त किया गया है। रजत वर्मा और मुकेश वर्मा से फर्जी दस्तावेज, मोबाईल, फर्जी नियुक्ति पत्र बनाने वाले टाइपिंग सेंटर संचालक आरोपी महेश हिरांव को सेक्टर 6 भिलाई ए मार्केट से गिरफ्तार किया गया है। बहरहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने कई अन्य लोगों को भी सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर रुपए ऐंठे। ऐसे अन्य मामलों में पीड़ितों के बारे में पतासाजी की जा रही है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 8 लाख वसूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



युवती से अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर 8 लाख रुपए वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने युवती के भाई की पूरी बीमा राशि ले ली। इसके बाद भी बॉयफ्रेंड उससे पैसों की डिमांड करने लगा और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। मामला भिलाई-03 थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी उमाशंकर भारती निवासी ग्राम उमदा के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। दीक्षा सिलाई-कढ़ाई का काम करती हैं। उसने बताया कि बॉयफ्रेंड ने एआई के जरिए अश्लील वीडियो बनाने और वायरल करने की धमकी देकर पैसे ले लिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरवरी 2021 को दीक्षा की जान-पहचान उमाशंकर से हुई। बातचीत का सिलसिला बढ़ा और दोनों में नजदीकियां बढ़ने लगी।

इसी बीच 25 मई 2024 को दीक्षा के भाई यशवंत कोसरे की मौत हो गई। भाई के नाम पर करीब 8 लाख की बीमा राशि दीक्षा को मिली। जिसकी भनक लगते ही बॉयफ्रेंड उसे ब्लैकमेल करने लगा। वह वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम पर मैसेज कर दीक्षा से पैसों की डिमांड करने लगा। पैसे नहीं देने पर एआई से वीडियो एडिट कर वायरल करने की धमकी दी। बॉयफ्रेंड की धमकियों से घबराई गर्लफ्रेंड ने 8 लाख रुपए ऑफलाइन और ऑनलाइन के जरिए 8 लाख रुपए दिए। लेकिन वह और पैसों की डिमांड करने लगा और धमकी दी कि अगर पैसे नहीं मिले तो वह जान से मार देगा। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## रात का पारा सामान्य से 3 डिग्री कम, दिन में 15 मिमी बारिश

**भिलाई।** मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। शनिवार को दिन में जहां धूप खिली, वहीं शाम होते-होते बारिश हुई। दोपहर के समय कुम्हारी, भिलाई-चरोदा और पावर हाउस में पानी गिरा, वहीं दुर्ग की तरफ सूखा रहा। शाम को पूरे शहर में बारिश हुई। मौसम विभाग ने जिले में 14.8 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की। लगातार बारिश और बादल की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की। शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री तक कम था। इसी प्रकार अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम था। मौसम विभाग की मानें तो आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना बनी हुई है। जिले में 1 अक्टूबर के बाद से अब तक अब तक 40 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जबकि सामान्य औसत 10.08 मिलीमीटर है। वहीं 1 जून से 30 सितंबर तक 736.1 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि औसत बारिश 984.8 मिलीमीटर है।

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

## फिटनेस के लिए आईजी और कलेक्टर आज लगाएंगे दौड़

**दुर्ग।** फिटनेस के लिए लोगों को अवेयर करने आईजी रामगोपाल गर्ग और कलेक्टर अभिजीत सिंह को 5 अक्टूबर की सुबह आयोजित दौड़ में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मंत्री गजेंद्र यादव को भी आमंत्रित किया गया है। पुलगांव से यह दौड़ रनैथॉन-2025 के नाम से आयोजित है। इसमें प्रदेशभर के धावक भी शामिल हो रहे हैं। दौड़ में 1 हजार से ज्यादा लोगों को शामिल होने की उम्मीद जताई गई है।

## नशे के लिए पैसा नहीं दिया तो बस कंडेक्टर से मारपीट

**भिलाई।** सिटी कोतवाली दुर्ग के अंतर्गत लुचकीपारा निवासी साहब खान से मोहल्ले के एक युवक आदिल खान ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोपी ने नशे के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर पहले गाली गलौच की। इसके बाद मारपीट कर दी। मामले में कोतवाली पुलिस ने आदिल खान के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। साहब खान पेश से बस कंडेक्टर है। वह गुजराती धर्मशाला के पास लुचकीपारा में बैठा हुआ था, तभी आरोपी वहां आया और घटना को अंजाम दिया। बहरहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है।

Sai
समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

APPROVED
BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in
7 Wonder City
ग्रेटर रायपुर का रियल गोल्ड
प्रोजेक्ट जो हर मायने में है सबसे खास
प्रीमियम आवासीय प्लॉट, लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप
रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, महादेव घाट के पास




7 वंडर सिटी | संपर्क: 7389900999
महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर
Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 |
Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.)
Image For Representation Purpose Only

मार्केटिंग एजेंट चाहिए
रियल एस्टेट के क्षेत्र में मार्केटिंग एजेंट बनकर सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं

दुर्ग, भिलाई, लोहारा, सिकोसा, बेरला, साजा, अहिवारा, उतई, सेलूद, रानीतराई, पाटन, जामगांव, धमधा में मार्केटिंग एजेंट की आवश्यकता है।
मारुति इंफ्रा सिटी प्रा. लि. एक प्रतिष्ठित बिल्डर एवं डेवलपर फर्म है, जिसने 10 वर्षों में कई सफल प्रोजेक्ट्स दिये हैं। अपने बिजनेस के विस्तार के लिए हम प्रदान कर रहे हैं एक सुनहरा अवसर जिसमें आप हमारे मार्केटिंग एजेंट बन सुनिश्चित करें अपना एक सुनहरा भविष्य।
एलआईसी एजेंट, म्यूच्यूअल फण्ड एजेंट, रियल एस्टेट ब्रोकर, आर्थिक रूप से मजबूत, प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनका खुद का व्यवसाय हो संपर्क करें:
मारुति इंफ्रा सिटी प्रा. लि.
Mob. 7974656799
02, सेकंड फ्लोर, कृष्णा कॉम्प्लेक्स, मेन रोड, शंकर नगर, रायपुर
Email: 7wondercitymarketing@gmail.com
7 Wonder City

## खबर संक्षेप

### पंचायतों में शुरू हुई ग्राम सभा, डिजिटल क्रॉप सर्वे व गिरदावरी होगी तैयार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर से विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन शुरू हो गया है। यह 14 अक्टूबर तक चलेगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली इन सभाओं में किसानों को डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही गिरदावरी का वाचन और दावा-आपत्ति प्रक्रिया शुरू हो गई। विशेष ग्राम सभाओं में किसानों के पंजीकृत धान के रकबे का पठन किया जाएगा। इसके साथ ही सूचना पंचायत भवन पर चस्पा की जाएगी। एग्रीस्टेक पंजीयन और जमीनों के फॉर्म आईडी से संबंधित विवरण भी सार्वजनिक किए जाएंगे। यदि किसी किसान को आपत्ति होगी, तो उसकी जानकारी ऐप या भौतिक सत्यापन के माध्यम से अपडेट की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि इस पहल से किसानों को अपनी फसल के रकबे की सटीक जानकारी समय पर मिलेगी।

### रजत जयंती के अवसर पर विशेष सप्ताह 12 तक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर कौशल विकास विभाग द्वारा विशेष सप्ताह निर्धारित करते हुए 6 से 12 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उपसंचालक रोजगार एवं प्रभारी अधिकारी जिला कौशल विकास प्राधिकरण दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार 7 अक्टूबर को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में अपरान्ह 2 बजे से उद्यमिता एवं लोन के संबंध में कार्यशाला एवं उद्योगों के विशेषज्ञों द्वारा कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कौशल विकास योजनांतर्गत प्रशिक्षित युवाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार हेतु उपलब्ध ऋण सुविधा से अवगत कराया जायेगा। साथ ही इच्छुक युवाओं से आवेदन प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए 14 से 45 वर्ष आयु के युवाओं को उक्त तिथि में निर्धारित समयानुसार आयोजन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकते हैं।

# मंत्री गजेन्द्र पहुंचे इंदिरा मार्केट, जीएसटी रिफॉर्म को लेकर व्यापारियों से लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इंदिरा मार्केट में स्थानीय व्यापारियों से सौहार्दपूर्ण चर्चा करते हुए जीएसटी रिफार्म जीएसटी 2.0 के प्रभाव और लाभों पर विस्तार से विचार-विमर्श करने स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव दुर्ग के इंदिरा मार्केट पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए जीएसटी सुधार व्यापार जगत के लिए महत्वपूर्ण और दूरगामी साबित होंगे।

स्थानीय व्यापारियों के साथ मार्केट में व्यापारियों से चर्चा के दौरान मंत्री श्री यादव ने यह साझा किया कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं एवं छोटे व्यावसायिक उत्पादों पर कर दरों में कमी से आम उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलेगी। इसके साथ ही बाजार में मांग में वृद्धि होने से व्यापार को भी गति मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा।

इंदिरा मार्केट में दुकानदारों से सौहार्दपूर्ण भेंट कर उन्हें गुलाब भेंट स्वरूप प्रदान किए गए तथा जीएसटी दर निर्धारण से संबंधित पोस्टर अपने प्रतिष्ठानों पर लगाने का आग्रह किया। दुकानदारों से संवाद के दौरान उन्हें स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने और वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा देने की अपील किये। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, सुरेन्द्र कौशिक, महेन्द्र लोढ़ा, चेम्बर के प्रतिनिधि अशोक राठी सहित अनेक व्यापारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा देने की अपील



### भिलाई चेंबर ने 9 दिन 9 बाजार में पहुंचाया मोदी का उपहार



भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने उपभोक्ता का लाभ, व्यापारी का गर्व अभियान के अंतर्गत 9 दिन तक लगातार 9 बाजारों में जाकर व्यापारियों और उपभोक्ताओं तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीएसटी उपहार पहुँचाया। इस अभियान ने ग्राहकों और व्यापारियों के बीच विश्वास और सहयोग की नई नींव रखी।चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि इस अभियान से व्यापारियों में भरोसा और ग्राहकों में विश्वास की भावना और गहरी हुई। भिलाई चेम्बर का यह प्रयास विकसित भारत के निर्माण में व्यापारियों की अहम जिम्मेदारी को और मजबूत करता है। ऑनलाइन से नाता तोड़ो अपने बाजारों से नाता जोड़ो एवं जब हम बाजार जाएंगे समान स्वदेशी लाएंगे। अभियान में मनोहर कृष्णानी, सुनील मिश्रा, रितेश अग्रवाल, चिन्ना राव, शिव राज शर्मा व पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

## एआईसीसी के पर्यवेक्षक अजल कुमार लल्लू पहुंचे दुर्ग

# नए जिला अध्यक्ष से सीईसी करेगी सीधे संवाद टिकट वितरण के समय पूछेगी योग्य उम्मीदार

## पूर्व मेयर बाकलीवाल, ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में कांग्रेस के तीन जिला संगठनों के अध्यक्षों को लेकर कवायद शुरू हो गई है। शनिवार को इसे लेकर दावेदारों का रेला लगा। इन सबके बीच दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी अध्यक्ष बनने के लिए ताल ठोक दी है। उनके अलावा 31 अन्य लोगों ने भी फार्म लिया है। साथ ही पर्यवेक्षक के समक्ष अपनी बात रखी। दुर्ग ग्रामीण से वर्तमान अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भी दोबारा अध्यक्ष बनने की मंशा जाहिर की है। बता दें कि उन्हें अध्यक्ष बने महज 6 महीने ही गुजर हैं। इसके बाद नए अध्यक्षों का निर्वाचन किए जाने की घोषणा हो गई। दुर्ग ग्रामीण से राकेश ठाकुर के अलावा 7 लोगों ने दावेदारी की है। 12 और 13 अक्टूबर को दोनों जिला संगठनों के दावेदारों से चर्चा होनी है। इसके बाद पैनल तैयार कर पार्टी हाईकमान को भेजा जाएगा। इधर शनिवार को प्रदेश से बनाए गए सहायक पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व विधायक विक्रम मंडावी, पूर्व विधायक यूडी मिंज भी राजीव भवन पहुंचे। सभी दावेदारों ने अपने-अपने तरीके से पर्यवेक्षकों को रिझाने की कोशिश की। बता दें कि तीनों जिला अध्यक्षों का नए सिरे से निर्वाचन होना है। इसे देखते हुए पार्टी हाई कमान के निर्देश पर यह कवायद शुरू की गई है। संगठन चुनाव के पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर की मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली, जिसमें पार्टी गाइडलाइन से अवगत कराया गया। बता दें कि इस बार जो अध्यक्ष बनेगा, टिकट वितरण के दौरान उनकी भूमिका अहम होगी, उनके विधानसभा क्षेत्र के लिए योग्य उम्मीदवार के लिए रायशुमारी होगी।





### दुर्ग शहर में अध्यक्ष चुनने को लेकर ज्यादा माथापच्ची

दुर्ग शहर में अध्यक्ष चुनने को लेकर ज्यादा माथापच्ची देखने को मिल रही है। पहले दिन ही 31 लोगों ने फार्म लिया है। धीरज बाकलीवाल के अलावा दीपक दुबे, पूर्व सभापति राजेश यादव, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, पूर्व एल्डरमैन रत्ना नारमदेव, कौशल किशोर सिंह, मोहित वाल्दे, जितेन्द्र तिवारी, विमल यादव, फिरोज खान, अय्यूब खान, राजकुमार पाली, आरएन वर्मा, प्रेमलता साहू सहित अन्य शामिल हैं। वहीं ग्रामीण से राकेश ठाकुर के अलावा झुमुक साहू, रिवेंद्र यादव, केशव बंटी हरमुख, रुपेश देशमुख, अमित यादव, नजरूल इस्लाम शामिल हैं।

### पर्यवेक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री का मालवीय नगर चौक में स्वागत, आज भिलाई में होगी बैठक

दुर्ग जिला कांग्रेस के बैनरतल पर्यवेक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मालवीय नगर चौक में स्वागत किया गया। इसके पहले कुम्हारी, भिलाई तीन, सिरसा गेट, पावर हाउस, घड़ी चौक, नेहरूनगर चौक में भी उनका स्वागत किया गया। मालवीय नगर चौक में प्रदेश सचिव अय्यूब खान के नेतृत्व में स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। 5 अक्टूबर को अजय कुमार लल्लू भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। बैठक होटल अमित पार्क नगर निगम ऑफिस के बाजू में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक मध्य होगी। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि पार्टी के सभी वरिष्ठजन और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### कार्यकर्ताओं से करेंगे चर्चा

पार्टी हाईकमान के निर्देश पर वे दुर्ग आए हैं। जिला अध्यक्षों के नामों पर रायशुमारी की जा रही है। तीनों जिला संगठनों की अलग-अलग बैठकें ली जानी है। लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्षों का चुनाव होगा। ब्लॉक और बूथ में जाकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की जाएगी। **-अजय कुमार लल्लू,**
केंद्रीय पर्यवेक्षक राष्ट्रीय कांग्रेस

## साख सहकारी की बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय का ब्यौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

देव संस्कार साख सहकारी समिति सेक्टर 5 की 14वीं वार्षिक आमसभा सेक्टर 5 स्थित कार्यालय में संपन्न हुई।

सभा का शुभारंभ माता सरस्वती के तैल चित्र पर संचालक मण्डल के सदस्यों द्वारा फूल अर्पण कर दीप प्रज्वलित करने के उपरांत मां सरस्वती की स्तुति की गई। आमसभा में संस्था अध्यक्ष विपिन बिहारी मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 31 नये सदस्य बने। 1.70 लाख रुपए के अंशों का विक्रय हुआ। 18.91 लाख रुपए सावधि जमा एवं 9.71 लाख की आवर्ती जमा प्राप्त की गई। वर्ष 2024-25 में 36.44 लाख का ऋण वितरण किया गया। संस्था की कार्यशील पूंजी 1.18 करोड़ की रही। इसके बाद लाभ-हानि खाता, वित्तीय पत्रक एवं वर्ष 2025-26 का अनुमानित बजट पेश किया गया, जिसका अनुमोदन किया गया। सभा का संचालन गायत्री साहू ने किया। संस्था सदस्य रोशनी बेन, रेखा अग्रवाल, गीताबेन पटेल, जयता घोष, पूर्णिमा सोना, भावना चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

## जनदर्शन में आम जनता ठगा महसूस कर रही, शिकायतों का नहीं हो रहा निराकरण

**भिलाई।** प्रशासनिक व्यवस्था जनदर्शन की कार्यप्रणाली पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता व प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि हर सोमवार को कलेक्टर सभागार में दरबार लगता है, लोगों की शिकायतें ली जाती हैं। भरोसा दिलाया जाता है कि उनका निराकरण किया जाएगा, लेकिन ऐसाा नहीं हो रहा है।उन्होंने कहा कि जनदर्शन के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर टोकन जारी कर उसे संबंधित विभाग को भेज तो दिया जाता है, लेकिन अधिकांश मामलों में विभाग धरातल पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती। इसके साथ ही शिकायत को निराकृत भी बता दिया जाता है, इधर शिकायतकर्ता भटकते रहते हैं। कलेक्टर कार्यालय की ओर से कोई निगरानी होती है। वेबसाइट पर टोकन दर्ज करने पर क्षमा करें, विवरण उपलब्ध नहीं है जैसे संदेश नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि जब शिकायत का वास्तविक निराकरण किए बिना ही प्रकरण को जनदर्शन से विलोपित कर दिया जाता है, तो यह जनदर्शन की मूल भावना के साथ अन्याय है।

## सेवा सप्ताह में रक्तदान कर महादान का दिया संदेश, कहा - हेल्थ के लिए फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




लायंस क्लब ऑफ़ दुर्ग सिटी द्वारा 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह के दौरान क्लब द्वारा विभिन्न समाजसेवी एवं रचनात्मक कार्यों को मूर्तरुप दिया जाएगा। सेवा के श्रृंखला में लायंस क्लब ऑफ़ दुर्ग सिटी ने जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान लायन जाफ़र सादाब, महमूद अली हिरानी,अमर सिंह गुप्ता, श्रुति तिवारी, कमलेश सिंह राजपूत के अलावा अन्य लोगों ने रक्तदान कर महादान का संदेश दिया। यह रक्त जररुतमंदों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा क्लब के सदस्यों ने अस्पताल के शिशु वार्ड में जाकर नवजात शिशुओं के परिजनों को आवश्यक उपयोगी किट्स भेंट की। पूरे कार्यक्रम में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज मुख्य अतिथि रहे। विशेष अतिथि के रुप में जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि द्वारा लायंस क्लब ऑफ़ दुर्ग सिटी के सेवाभावी कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान लायंस क्लब ऑफ़ दुर्ग सिटी की अध्यक्ष आकांक्षा मिश्रा तिवारी ने अतिथियों को क्लब के सेवाभावी गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में क्लब के सचिव हरमीत सिंह भाटिया, कोषाध्यक्ष अनीता तिवारी, सेवा सप्ताह संयोजक अमर सिंह गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी पीएमजेएफ सतीश सुराना, एसपी डुलाई, जफर शादाब, महमूद अली हिरानी आदि मौजूद रहे।



## गृहमंत्री अमित शाह का मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के बस्तर दशहरा कार्यक्रम हेतु जगदलपुर प्रस्थान से पूर्व रायपुर आगमन पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने एयरपोर्ट पर सौजन्य भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री शाह का छत्तीसगढ़ प्रवास पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अमित शाह का बस्तर आगमन प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। बस्तर दशहरा, जो लोक आस्था और परंपरा का प्रतीक है, उसमें उनकी उपस्थिति प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता और सम्मान को दर्शाती है।

## कफ सिरप बच्चों की सेहत के लिए हो सकता है हानिकारक, सप्लाई से पहले कराई जाए जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- छग में भी सिरप के सैंपलों की जांच कराने का निर्णय

राजस्थान में 2 बच्चों की कफ सिरप पीने के बाद हुई मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है। इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ में भी हलचल मच गई है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. अनिल अग्रवाल ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले सहित छत्तीसगढ़ में भी कफ सिरप की सरकारी सप्लाई के दौरान भी लापरवाही बरती जा रही है। ड्रग विभाग की जांच के बाद ही ऐसे कफ सिरप की सप्लाई होनी चाहिए। बता दें कि राजस्थान के घटनाक्रम के बाद कहा जा रहा है सीरप पीने के बाद किडनी के फेलियर से बच्चों ने दम तोड़ा। इधर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रारंभिक जांच के हवाले से कहा है कि सिरप में खतरनाक कंटेन्ट नहीं हैं।

उसने एडवायजरी जारी कर बच्चों को सिरप देने से पहले सावधानी बरतने कहा है। इसके बाद छत्तीसगढ़ में भी सिरप के सैंपलों की जांच कराई जाने का निर्णय लिया गया है। कफ सिरप के सैंपलों की जांच में पाया गया कि किसी भी सैंपल में डायएथिलीन ग्लाइकोल या एथिलीन ग्लाइकोल जैसे हानिकारक रसायन मौजूद नहीं थे। ये रसायन किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। बच्चों की मौत के मामले में एक केस में लेप्टोस्पायरोसिस मिला है। सभी कफ सिरप में खांसी दूर करने वाला डेक्सट्रोमेथॉर्फन हाइड्रोब्रोमाइड होता है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि बहुत ही आश्चर्य की बात है कि दवा कंपनी स्वास्थ्य विभाग को दवा सप्लाई कर देती है। ये दवा पूरे सरकारी अस्पतालों में बंट जाती है। 4 से 6 महीने बाद ये फरमान आता है कि अमुक दवा बैच नंबर मानक मापदंड के अनुरूप नहीं है। उसे लौटा दिया जाए। सवाल ये है कि उक्त अमानक दवा बंट चुकी होती है, उसके दुष्प्रभाव मरीजों को हो चुका होता है। उसकी जवाबदेही किसकी है। कैसी ऐसी दवा को ड्रग कंट्रोलर पास कर देते हैं। उन्होंने कहा कि पहले जांच की जाए, फिर दवा की सप्लाई हो।

## इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक के उपयोग को लेकर कार्यशाला का आयोजन

# एआई को लेकर हर वर्ग को अवेयर करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- आने वाला कल होगा उन्नत तकनीकों का

इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय संस्था इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग भिलाई चेप्टर की वार्षिक आम सभा भिलाई निवास के सभागार में हुई।

आमसभा में भिलाई चेप्टर के चेयरमैन के. पटेल, वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन, सेक्रेटरी अवनीश दुबे, विवेक गुप्ता एक्स चेयरमैन एचके देसाई प्रमुख रूप से उपस्थित थे। के. पटेल ने कहा कि हम अपने रचनात्मक गतिविधियों से भिलाई चेप्टर को देश में मॉडल चेप्टर बनाने का प्रयास करना है। उन्होंने नई सोच-नया दौर का नारा देते हुए इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक का उपयोग समाज की बेहतरी के लिए करने पर जोर दिया। वाइस चेयरमैन घनश्याम देवांगन ने इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग के महत्व को प्रतिपादित करते हुए भिलाई चेप्टर की आगामी गतिविधियों एवं योजनाओं की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक के जरिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग उद्योगों के साथ ही बच्चों, महिलाओं एवं आम नागरिकों के हित में उनके बहुआयामी विकास हेतु करने की अपील की।





### स्कूल, कॉलेज में कैम्प चलाने चैप्टर गठन का निर्णय

आमसभा में इंस्टीट्यूशन के नेशनल चेयरमैन डॉ. एवीवी प्रसादा राजू एवं नेशनल सेक्रेटरी योगेश एस. दीपनायक के प्रेषित संदेशों का वाचन किया गया। इस अवसर पर भिलाई चेप्टर का लोगो भी जारी किया गया । आम सभा में संस्था के ट्रेजरार विवेक गुप्ता द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के ऑडिटेड लेखा को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सेक्रेटरी अवनिश दुबे ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारियां शेयर की। क्रिश्चियन कॉलेज के डॉ. पीएस राव एवं एन. नागेश्वर राव ने कॉलेज में स्टूडेंट चेप्टर के गठन संबंधी जानकारी शेयर की। गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल एवं गांधी विद्यापीठ में विद्यार्थियों के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला गया।

### कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ सदस्यों को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य ए. सी. दास का सम्मान किया गया। उपस्थित सदस्यों ने संस्था के बेहतरी के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने संस्था के वरिष्ठ इंजीनियरों के इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अर्जित अनुभवों को साझा करने एवं नए नए आइडिया का उपयोग करने पर बल दिया। आम सभा में एक्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर एएम रवानी, व्हीके सिंह, एसके डोगरा, बीके सराफ, जेसी रे, केके गुप्ता, सुशील हरिरमानी, आरएल ढीढी, संतोष अग्रवाल, सत्यनाथ साहूकार, बीडी थारकन आदि सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन विवेक गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन अवनिश दुबे ने किया।

## स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. पाणिग्रही हुए सम्मानित



**दुर्ग।** गांधी जयंती, स्वच्छता ही सेवा, सेवा पखवाड़ा समापन के अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा गांधी जयंती एवं स्वच्छता सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन मंत्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। स्वच्छता दीदी, सफाई मित्रों के सम्मान की कड़ी में स्वच्छता कार्यों में निस्वार्थ सेवा कार्य करने वाले स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के हाथों प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा उपस्थित थे। डॉ. पाणिग्राही स्वच्छ भारत अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के आव्हान 15 अगस्त 2014 से जुड़े हैं। अभी भी स्वच्छता अभियान में निरंतरता बनी हुई है। सबसे स्वच्छ शहर इंदौर पहुंचकर 3 दिन तक प्रशिक्षण भी लिया है। स्वछता भारत मिशन कार्यों की डॉ पाणीग्राही के जागरूकता कार्यक्रमों की डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार एवं वर्तमान विधायक अनुज शर्मा के डायरेक्शन में शासन द्वारा बनाई गई है।

## निधन

### अरुणा शर्मा



**भिलाई।** स्मृति नगर सड़क 4 मकान, नंबर 519 बी निवासी अरुणा शर्मा 62 वर्ष का निधन 4 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अक्टूबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक अशोक शर्मा की पत्नी, आदित्य, आकांक्षा, अनिमेष की मां एवं सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार भट्ट की छोटी बहन थीं।

### ओमप्रकाश अग्रवाल



**भिलाई।** ओमप्रकाश अग्रवाल का निधन 4 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास दीपक नगर सूरजकुंड विला दुर्ग से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के निकली। वे वीरेंद्र, प्रवीण, संजय गर्ग के पिता, हिमेश, हिमांशु, निशांक अग्रवाल के दादा एवं जयदेव सिंघल के जीजा थे।

### ललिता देवी चौधरी



**भिलाई।** केम्प 2 वार्ड 34 गांधी चौक बिहारी मोहल्ला निवासी ललिता देवी चौधरी उम्र 72 वर्ष का निधन 4 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. रामकेवल चौधरी की पत्नी, वार्ड 34 के छाया पार्षद राजेश कुमार चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, अमित चौधरी व सन्नी चौधरी की मां और विनायक, कृष्णा, शिवा, विराज और रामकृष्ण चौधरी की दादी थीं।

### जोगन देशमुख



**दुर्ग।** गयानगर दुर्ग निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बीआर देशमुख की पत्नी जोगन देशमुख 72 वर्ष का निधन 3 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 अक्टूबर को दुर्ग स्थित हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे शिक्षक अशोक देशमुख, अधिवक्ता प्रीतम देशमुख की मां थीं।

## ग्रामीण अंचल में जारी है दशानन का दहन, रामलीला का मंचन भी

# दशहरा पर्व सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है : विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई/अंडा

### कुथरेल दशहरा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित





ग्राम कुथरेल में विजयदशमी का पर्व परंपरा अनुसार उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह आतिशबाजी के साथ अहंकारी रावण का पुतला दहन किया गया। रावण के साथ-साथ बुराई के प्रतीक कुंभकरण और मेघनाथ का भी पुतला जलाया गया।

जय श्री राम के नारे के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश अब बुराइयों को खात्मे का संकल्प लिया गया। रावण दहन के पूर्व रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा राम रावण के बीच संवाद और युद्ध का मंचन किया गया। श्री राम ने दशानन रावण की नाभि पर अग्निबाण चलकर रावण का वध किया इस मौके पर जमकर आतिशबाजी की गई।

इस दशहरा महोत्सव में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने प्रभु श्रीरामचंद्र की पूजा-अर्चना कर उनका पवित्र आशीर्वाद लिया। श्री चंद्राकर ने कहा कि यह पर्व हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम कुथरेल ताम्रध्वज साहू, रमशीला साहू पूर्व विधायक बालमुकुन्द देवांगन, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के कुलपति डॉ. अरूण अरोरा, भिलाई केन डू पर्वत फाउंडेशन चेयरमैन अतुल पर्वत, श्रम कल्याण मंडल छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जिला पंचायत दुर्ग सदस्य आशा विक्की मिश्रा, कुलेश्वरी देवांगन अध्यक्ष, जनपद पंचायत , देवेन्द्र देशमुख पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग, लोमश चन्द्राकर सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, गीता गजपाल सरपंच, ग्राम पंचायत कुथरेल, लोकनाथ साहू उपसरपंच, ग्राम पंचायत कुथरेल, विशेष सहयोगकर्ता गण बी.ई.सी. फूड्स कंपनी कुथरेल छगन लाल चांडक कनक बिल्डमार्ट कुथरेल गोपाल पांड़े एनकेएचबी पिसेगांव संजय रूंगटा दुर्ग, सिद्धार्थ पारख पारख ज्वेलर्स दुर्ग हिरामन लाल साहू कुथरेल छत्तीसगढ़ पुलिस डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू , कुथरेल अध्यक्ष-पुष्पेन्द्र चन्द्राकर उपाध्यक्ष-डॉ. नरेन्द्र दास मानिकपुरी डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष- टीकाराम साहू सचिव-राजेश चन्द्राकर गालव प्रसाद देशमख सह सचिव नारायण प्रसाद यादव अभिषेक चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर पूर्व जनपद सदस्य, सहित आस पास के ग्रामीण जन सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

### भव्य आतिशबाजी के साथ रावण का पुतला दहन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में श्री राम नाट्य कला मंच के तत्वावधान में विजयदशमी का पर्व परंपरा अनुसार उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह आतिशबाजी के साथ अहंकारी रावण का पुतला दहन किया गया। रावण के साथ-साथ बुराई के प्रतीक कुंभकरण और मेघनाथ काफी पुतला जलाया गया। रावण दहन के पूर्व रामलीला मंडली के कलाकारों ने राम रावण के बीच संवाद और युद्ध का मंचन किया। श्री राम ने दशानन रावण की नाभि पर अग्निबाण चलकर रावण का वध किया। बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ दशहरा मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चिंगरी, अछोटी, भरदा कोनारी के पूर्व जनपद सदस्य टिकेश्वरी लाल देशमुख, विशेष अतिथि निर्मल देशमुख, जनपद सदस्य बेला यादव,सरपंच पुष्पा वाघमारे,पूर्व सरपंच पुष्पा देशमुख,विजय साहू सहित लीला मंडली के सदस्य गण संतोष पाटिल, छन्नु साहू, हरिलाल देशमुख, बाला राम साहू, रघुनाथ साहू, राजेश देशमुख, रेखलाल पटेल, डोमन साहू, ज्योति साहू, सुखनंदन साहू, चन्द्रहास साहू, कुलेश्वर देशमुख, साकेंत पटेल, रोमन निर्मलकर, अमित,लक्ष्मण यादव, चेतन यादव, बलदीप

### ननकट्टी में हर्षोल्लाष के साथ मना दशहरा पर्व



**ननकट्टी।** ग्राम ननकटठी में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।। सर्वप्रथम श्री राम मंदिर से राम दल की शोभायात्रा निकली जो सुभाष चौक, बॉवलीचौक, हनुमान मंदिर, बाजार चौक पहुंची, जहां रैनी पूजा की गई। बाजार चौक सांस्कृतिक मंच में रामलीला का मंचन हुआ, अंत में 25 फ्रीट रावण का पुतला दहन किया गया। श्री राम के रूप में हितेश कुमार यादव, लक्ष्मण कैलाश साहू, हनुमान भूषण ठाकुर, रावण लक्ष्मी नारायण यादव, कुंभकरण बबलू वर्मा, मेघनाथ योगेश निषाद ,अंगद भाग्यवान निषाद, सुषेण वैद्य बुधराम निषाद, सुग्रीव चिरंजीवी धनकर, बाली गौकरण साहू ,जामवंत भानु कुंभकार ,विभीषण राजू विश्वकर्मा, सहयोगी टोप राम निषाद, ईश्वर निषाद थे। जागृति मानस मंडली ननकटठी ने संगीत मय रामायण पाठ किया गया हारमोनियम संतराम ठाकुर ,तबला हीरा सिंह निषाद ,कोरस चेतन साहू ,साधु साहू, ढोलक धननू धनकर ,बैंजो तामेश्वर ठाकुर एवं पवन सेन ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सरपंच सुशील साहू,पंचगण, समस्त सदस्य गण, हजारों की संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### महापुरुषों के सपनों को साकार करने भागीदारी निभाएं



**जामगांव आर।** ग्राम बटरेल मे गाँधी जयंती समारोह का आयोजन हुआ। इस पावन अवसर पर रामधुनी का आयोजन रखा गया। समारोह के मुख्यअतिथि जिला पंचायत दुर्ग सभापति कल्पना साहू के प्रतिनिधि नारद साहू थे। अतिथि दीर्घा में भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष लालेश्वर साहू ,जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू , गौतमचंद चौरडिया समाजसेवी, बसंत साहू उपसरपंच, सूरज निर्मलकर, केजुराम मंचासीन रहे। जय शंकर रामधूनी पार्टी उमरपोटी- बटेरल एवं श्रीभक्ति सागर रामधुनी पार्टी मनौद-बालोद ने जन मानस के बीच अपनी प्रतिभा का मनमोहन प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि नारद साहू ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसा वादी विचार हमे जीवन सुकून और शांति भाईचारा के साथ जीने के लिए प्रेरित करते है। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे।

### पोषण माह में स्वस्थ खानपान पर जागरुकता कार्यक्रम



**अंडा।** सेक्टर अंजोरा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत अंजोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 6 में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण ऊषा झा ने हितग्राहियों एवं पालकों को नियमित आंगनबाड़ी आने एवं हर माह बच्चो का वजन, ऊंचाई लेकर बच्चो के पोषण स्तर को जानने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने हर माह आंगनबाड़ी से मिलने वाले अतिरिक्त पोषण आहार को केंद्र से ले जाने और हितग्राही को बराबर मात्रा में हितग्राही को ही स्वयं खाने की सलाह दी। अंजोरा परिक्षेत्र की पर्यवेक्षक गीताजंली भैंसारे ने स्थानीय फल, सब्जी, अनाज के उपयोग एवं स्वस्थ जीवन शैली को अपनाते हुए मैगी चिप्स कुरकुरे इत्यादि के उपयोग को बंद कर घर में बनी चीजों को बच्चों को खिलाने हेतु प्रेरित किया। जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू ने भोजन में सलाद को भी शामिल करने की सलाह दी। जनपद सदस्य संगीता साहू ने बच्चो को मैगी, चाउमीन, मोमोज इत्यादि बिल्कुल भी नहीं देने की बात पालकों से की वहीं बच्चो एवं गर्भवती धात्री को स्वयं ही रेडी टू ईट का सेवन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू ने बच्चो को पानी बॉटल का वितरण किया। कार्यक्रम में सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू, वार्ड पंच खिलेश्वर, आंगनबाड़ी अंजोरा 6 की कार्यकर्ता राधा सारथी, सहायिका मंजुला लहरें और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

### विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज़ 15 तक

**उतई।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त संस्था माय भारत के द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। उपनिदेशक नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का पहला चरण 1 जुलाई से 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से आयोजित है जो 12 भाषाओं में उपलब्ध रहेगा। 10 मिनट के क्वीज में कुल 20 प्रश्न होंगे एवं पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा और शीर्ष 10000 युवाओं को माय भारत गूड़ीज प्रदान की जाएगी। साथ ही विजेताओं को आगामी चरणों निबंध लेखन, पीपीटी प्रेजेंटेशन एवं संवाद सत्र में क्रमशः भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए माय भारत पोर्टल के लिंक में जाकर पंजीयन कर सकते हैं।

उपनिदेशक शर्मा ने युवाओं से अपील करते हुए कहा यह कार्यक्रम युवाओं को नेतृत्व, विचार-विमर्श तथा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। साथ ही यह संवाद का लक्ष्य युवाओं को विकसित भारत 2047 के विजन से जोड़ना है। यह मंच युवाओं के लिए अपनी सोच, ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर है इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया पथ संचलन



**जामुल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चिखली शाखा में स्वयं सेवकों ने पथ संचलन किया जो बाजार चौक से विभिन्न गलियों में भ्रमण करते हुए चौक तक पहुंचा। वहां से संचलन आगे बढ़ते हुए बजरंग चौक चिखली पहुंचा। इस दौरान संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। संचालन के दौरान जगह-जगह गलियों में माता बहनों के द्वारा फूल माला के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता नेमराज वर्ग प्रांत सह संपर्क प्रमुख थे। अध्यक्षता सतनामी समाज प्रमुख निलेश भारती ने की। मुख्य वक्ता नेमराज ने समाज को पंच परिवर्तन के बारे में बताया और समाज के लोगों को राष्ट्र प्रेम, हिंदू भाव ,के साथ सामाजिक समरसता ,कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के साथ नागरिक कर्तव्य के भाव के साथ समाज को सुरक्षित तथा सनातन राष्ट्र भाव को बढ़ाने पर अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर ग्रामीण जन एवं समाज के प्रमुख जन उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### कमला मोटर्स में क्रॉप मास्टर 9300 की खरीदारी



**भिलाई।** शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 को मां लक्ष्मी की पूजा आराधना कर ग्राम कुम्ही बेरला के कृषक दिनेश वर्मा ने सेल्स प्रपोल्ड कंबाइंड हार्वेस्टिंग मशीन केएस क्रॉप मास्टर 9300 की खरीदारी करने का निर्णय लेकर स्वयं ही नहीं अपितु पूरे कुम्ही ग्राम के ग्रामवासियों को गौरवान्वित कर कृषि कार्यों को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने का संकल्प लिया। केएस एग्रीकल्चर की यांत्रिकियां सदियों से कृषकों की मनपसंद रही है क्योंकि एग्रीकल्चर के पदाधिकारी का सूत्र बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा के दर्ज पर खरा उतरकर कृषकों से आत्मीय संबंध बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ता प्रदान करना है। यंत्र की डिलीवरी प्रदान करते हुए शिक्षक शेखर ठाकुर कमला मोटर्स के सहसंचालक पद्मेश बरमेचा, अभियंता किशोर निषाद बरमेचा, टेक्सटाइल के विक्रय प्रतिनिधि त्रिलोकचंद यादव इत्यादि शामिल रहे। मशीन ग्रहण करते हुए कुम्ही बेरला के कृषक दिनेश वर्मा, सतीश वर्मा, ईश्वर वर्मा, धनराज वर्मा, योगेश वर्मा, विकास वर्मा आदि साथीगण रहे। क्रॉप मास्टर 9300 जब सज धज कर डीलरशिप से गंतव्य की ओर प्रस्थान करती है तो अनायास ही जनमानस का ध्यान अपनी और आकर्षित कर राहगीरों को मंत्र मुक्त कर देती है। इस शुभ शुभ अवसर पर केएस एग्रीकल्चर के निदेशक गुरदीप सिंह ने कृषकों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए मशीनों के रखरखाव के लिए सहयोगात्मक रवैया की दिलासा दिलाई।

### पीयूष ऑप्टिकल पर हर चश्मे की खरीदी पर आकर्षक ऑफर



**भिलाई।** जीएसटी 2.0 अब 12 नहीं केवल 5% अब हर चश्मे की खरीद पर आपको 7% तक की बचत, आकर्षक ऑफर, इस सीज़न अपनी नज़रों का रखें खास ख्याल। पीयूष ऑप्टिकल पर, हम आपकी आँखों की देखभाल को सबसे ऊपर रखते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हम आपके लिए एक शानदार ऑफर लेकर आए हैं, जिसे आप मना नहीं कर पाएंगे। ऑफरः एक प्रोग्रेसिव चश्मा खरीदें और दूसरा प्रोग्रेसिव फ्रेम बिल्कुल मुफ्त पाएं। क्या आप एक ही चश्मे में दूर और पास दोनों की साफ-साफ नज़रों का अनुभव करना चाहते हैं? हमारा प्रोग्रेसिव लेंस इसका सबसे बेहतर समाधान है। अब इस विशेष ऑफर के साथ, आप अपनी आँखों की सेहत को बेहतर बना सकते हैं और साथ ही स्टाइलिश भी दिख सकते हैं। तो फिर देर किस बात की? आज ही हमारी दुकान पर आएं और इस शानदार मौके का लाभ उठाएं और नंदिनी रोड एवं सेक्टर 6 ए मार्केट पीयूष ऑप्टिकल पर संपर्क कर सकते हैं।

### श्री साईं आईटीआई में दीक्षांत समारोह आयोजित




**भिलाई।** नंदिनी स्थित श्री साईं आईटीआई में 2025 में पास हुए विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह , भारत सरकार की मिनिस्ट्री आफ स्किल डेवलपमेंट एवं एंटरप्रेन्योरशिप के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि इस मंत्रालय के अधीन कौशल दीक्षांत समारोह 2025 नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री ने विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित किया जिसमें दिए गए वेबलिंक पर सभी उपस्थित छात्र एवं स्टाफ जुड़कर ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए एवं स्किल डेवलपमेंट की विभिन्न योजनाओं को जाना समझा और संस्था में 2025 में पास विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कृपा शंकर शर्मा सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक (विधि विभाग) रहे जिन्होंने विद्यार्थियों को अपने करियर को इस विशेष स्किल प्रशिक्षण के माध्यम से आगे बढ़ाने पर प्रेरणात्मक व्याख्यान दिया तथा मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को आईटीआई के अखिल भारतीय स्तर के प्रमाण पत्र और मार्कशीट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर पास्ड आउट विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव रखें और संस्था में विशेष प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन की तारीफ भी की तथा भविष्य में आयोजित प्लेसमेंट सुविधाओं में भी उपस्थिति दर्ज करने की बात कही। स्वागत भाषण में संस्था के निदेशक डॉक्टर प्रवीण विश्वकर्मा ने कहा कि यह आईटीआई का प्रशिक्षण सर्वोच्च रूप से रोजगार में सहायक रहता है और अपने अनुभव को अवश्य आगे बढ़ना चाहिए । इस कार्यक्रम में प्राचार्य रितेश कुमार, प्रशिक्षण स्टाफ मोहन दुर्गेश, केके प्रसाद, निशिता रुपेश, एवं कार्यक्रम संचालक प्रमिला चौहान का विशेष सहयोग रहा।

# महादेव घाट तट, अटल परिसर व दुर्गा पंडालों में हुई विशेष सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन



■ अमलेश्वर नपा में स्वच्छता ही सेवा एवं रजत जयंती महोत्सव

पाटन विधानसभा की नगर पालिका परिषद् अमलेश्वर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं छत्तीसगढ़ राज्य गठन का रजत जयंती महोत्सव मनाया गया। इसके तहत महादेव घाट और अटल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अलावा पालिका क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

सेवा ही स्वच्छता पखवाड़ा और रजत जयंती महोत्सव में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रीति गुप्ता, उप अभियंता प्रवीण कुमार साहू एवं कार्यालयीन कर्मचारियों द्वारा विशेष तौर पर सार्वजनिक स्थानों में सफाई कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर निकाय के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी विशेष तौर पर श्रम दान किया जा रहा है। इसी तारतम्य में धार्मिक महत्व वाले महादेव घाट में तट की सफाई कार्य एवं अटल परिसर की सफाई करायी गयी। शारदीय नवरात्रि में निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्ड में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। ऐसे पूजा पंडालों के आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता अभियान के तहत दुर्गा पंडालों एवं स्कूलों में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर में नगर पालिका के अध्यक्ष दयानंद सोनकर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पार्षद डॉ आलोक पाल, सोहन निषाद, राजू सोनकर, खुबीराम सोनकर, रामेश्वरी ठाकुर, यामिनी यादव, ललिता साहू, भेज लाल सोनकर, मालती बाई साहू, लेखनी साहू, सेवती निषाद आदि उपस्थित थे।

**।। न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला- दुर्ग (छ.ग.) ।।**

रा.प्र.क्र.- 202509100800079/अ-6/ वर्ष 2024-25
ग्राम- दानीकोकड़ी/ प.ह.नं.-12

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुलेन्द्र कुमार मंडावी पिता परसराम साकिन दानीकोकड़ी तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम-दानीकोकडी प.ह.न.- 12 तहसील- धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में कि केकती बाई पिता रामचन्द वगै. के नाम से ख.न.- 2, 15, 70, 152, 159, 183, 186. 211. 224, 228, 246, 285, 292, 362, 444, 450, 486, 611, 619, 662, 683, 693, 707, 708, 714 रकबा 1.52, 0.63, 0.19, 0.71, 0.19, 1.06, 0.23, 2.44, 0.41, 0.23, 0.28, 0.34, 0.21, 0.28, 0.23, 0.23, 0.23, 0.36, 0.18, 0.26, 0.27, 0.27, 0.21, 0.25, 0.11 कुल ख.न. 25 कुल रकबा 11.32 हे. भूमि है उक्त भूमि के सहखातेदार परसराम पिता रामचन्द्र का दिनांक 31/07/2025 को स्वर्गवास हो जाने से विलोपित किया जाकर मृतक के पुत्र 02 तुलेन्द्र कुमार मंडावी, मनीष कुमार मंडावी, पुत्री 04 ईश्वरी पटेल, चन्द्रप्रभा ठाकुर ममता ठाकुर बीना मंडावी के नाम पर फौती दर्ज कराने बाबत आवेदक ने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 21/10/2025 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 26/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 26/09/2025
आगामी, पेशी दिकि 21/10/2025

तहसीलदार
धमधा

जगजीवन आयुर्वेद
धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660 , 9399486858

# वरिष्ठ पत्रकार संतोष यादव का दिल का दौरा पड़ने से निधन



**भिलाई।** बजरंग पारा भिलाई तीन निवासी वरिष्ठ पत्रकार संतोष यादव का दिल दौरा पड़ने से 3 अक्टूबर की शाम निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 5 अक्टूबर दिन रविवार की सुबह 11:30 बजे भिलाई 3 स्थित उमदा रोड मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे फुटबॉल के अच्छे खिलाड़ी थे। वे 51 साल के थे। उन्हें बेचैनी एवं सांस लेने में दिक्कत थी। समीप के एक अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत इंजेक्शन लगाकर किसी बड़े अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वे सहायक उप निरीक्षक कुश्ती के मशहूर पहलवान राममिलन यादव के सुपुत्र थे। उत्तर प्रदेश के देवरिया के मूल निवासी थे। संतोष यादव की लड़की आदीति 12वीं और लड़का आदित्य राज यादव 11वीं में पढ़ते हैं। पत्नी सुशीला देवी हैं। उनके निधन पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भाजपा नेता शारदा गुप्ता, राम उपकार तिवारी, खिलावन साहू, सुजीत बघेल सहित शहर के पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### वाहन चेकिंग एवं उल्लंघनों पर सख्ती, ट्रैफिक सेंस को लेकर लोगों को किया जागरूक

# यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने चलाया अभियान 190 से ज्यादा मामलों में वसूला 53 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

यातायात का पाठ पढ़ाने शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर लोगों को जागरूक किया गया। वहीं नियम तोड़ने वाले 190 लोगों से 53 हजार रुपए से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया। मुख्य रूप से नशे की हालत में वाहन चलाने, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने, हेलमेट नहीं लगाने वालों पर कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर यह अभियान चलााया गया। यातायात पुलिस द्वारा व्यापक वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान सशक्त एप का उपयोग करते हुए विभिन्न वाहनों की जानकारी प्राप्त की गई। विशेष रूप से ऑटो डीलरों एवं प्रमुख स्थलों पर खड़े वाहनों की जांच की गई। इस एप की मदद से पूर्व में कई चोरी के वाहन तथा आपराधिक घटनाओं में प्रयुक्त वाहन पकड़े जा चुके हैं। यह तकनीक अपराध नियंत्रण और संदिग्ध वाहनों की पहचान में अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। एप की खासियत यह है कि किसी वाहन का नंबर डालते ही उसकी सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध होती है। पंजीयन, लंबित प्रकरण एवं अपराध संबंधी अभिलेख तुरंत उपलब्ध हो जाते हैं। यदि वाहन चोरी का है अथवा किसी अपराध में प्रयुक्त हुआ है, तो उसकी पुष्टि तत्काल हो जाती है। यह अभिनव प्रणाली दुर्ग पुलिस द्वारा विकसित की गई है और अपराध नियंत्रण में कारगर साबित हो रही है।

#### पुलगांव चौक से कुम्हारी तक ट्रैफिक पुलिस की टीम रही सक्रिय

ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग टीम ने पुलगांव चौक से कुम्हारी तक कार्रवाई की। ऑपरेशन सुरक्षा के अंतर्गत जिलेभर में कड़ी चालानी कार्यवाही की गई। यह विशेष जांच अभियान नेहरू नगर चौक, मालवीय नगर चौक, पुलगांव चौक, सिरसा गेट चौक, कुम्हारी टोल प्लाज़ा सहित प्रमुख मार्गों पर चलाया गया। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान कई लोगों ने सिफारिश से बचने का भी प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने किसी को नहीं छोड़ा। मुख्य रूप से युवाओं को टार्गेट कर कार्रवाई की। महिलाओं को भी रोककर नियमों की जानकारी दी गई।



#### ड्रिंक एंड ड्राइव के 12 से ज्यादा मामलों पर की गई कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव के 12 से ज्यादा मामलों में कार्रवाई की। तेज एवं लापरवाह ड्राइविंग के 15, बिना सीट बेल्ट के 25, नो पार्किंग के 15, अन्य यातायात उल्लंघन के 123 मामलों में कार्रवाई की। इस प्रकार 190 प्रकरणों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 53,300 का जुर्माना वसूला गया। सभी वाहन चालकों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन करें। सावधानीपूर्वक वाहन संचालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि अन्य लोगों की जान की रक्षा भी करता है। सुरक्षित यात्रा ही जीवन रक्षा है।बता दें कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ताकि लोग यातायात नियमों को लेकर अवेयर हो सकें।

## सेन समाज का प्रतिनिधि मंडल 7 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

सेन समाज के पारंपरिक व्यवसाय की आड़ में अन्य लोग कुछ ऐसा काम कर रहे हैं, जिससे सेन समाज की छवि खराब हो रही है। समाज के प्रांतीय अध्यक्ष पुनीतराम सेन व सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि इसके लिए सेन समाज ने बड़ा निर्णय लिया है। 7 अक्टूबर को कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में समाज हित में पांच सूत्रीय मांग से शासन को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों में कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपने की जबावदारी सभी संभाग प्रभारी व जिला अध्यक्षों को दी गई है। उस दिन सेन समाज को लोग अपना काम बंद कर ज्ञापन सौंपने जाएंगे। उसी दिन ही समाज के प्रांतीय पदाधिकारी भी राजधानी रायपुर में सीधे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपेंगे। कौशिक ने बताया कि वर्तमान में समाज कई समस्याओं से जूझ रहा है। जिसमें कई समस्याएं दूसरों की वजह है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सर्व सेन (नाई) समाज के लोग परंपरागत रूप से सेलून व्यवसाय से जुड़े हैं। यह व्यवसाय समाज की आजीविका का प्रमुख साधन है। समाज की सांस्कृतिक और परंपरागत पहचान भी इसी से जुड़ी है। लेकिन आज कुछ दीगर लोगों की ओछी और घिनौनी हरकत के कारण समाज की प्रतिष्ठा पर आंच आ रही है। इस दौरान सेलून व्यवसाय की आड़ में चल रहे अवैध स्पा सेंटरों की जांच, केश शिल्पी कल्याण बोर्ड से योजना तैयार करने, शासकीय नौकरी में प्राथमिकता, संत शिरोमणि सेन महराज की जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित करने की भी मांग की जाएगी।

### श्रीमद् भागवत महापुराण 8 अक्टूबर से

**भिलाई।** श्री भगवत समर्थन एवं जन कल्याण समिति सुरडुंग के तत्वावधान में ग्राम सुरडुंग में श्रीमद् भागवत महापुराण महायज्ञ का आयोजन दुर्गा मंच सुरडुंग में 8 से 15 अक्टूबर तक आयोजित है। कथा वाचक अछोटी वाले पंडित वासु उपाध्याय करेंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष सतीश ने दी।

### पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

# बीएसपी ने रचा उत्पादन और प्रेषण का नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



सेल-बीएसपी ने सितम्बर 2025 में विभिन्न उत्पादन एवं प्रेषण मापदंडों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह प्रदर्शन भिलाई इस्पात संयंत्र की परिचालन दक्षता, संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग तथा टीम भावना का परिचायक है, जो इसे देश के अग्रणी इस्पात उत्पादक के रूप में स्थापित करता है और भारत के अवसंरचनात्मक विकास में इसके महत्त्वपूर्ण योगदान को सशक्त करता है।

इस्पात गलनशाला-3 (एसएमएस-3) में संयंत्र ने 1,16,493 टन ब्लूम उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया, जो सितम्बर 2024 में प्राप्त 1,14,404 टन के पिछले सर्वोत्तम प्रदर्शन से अधिक है। वहीं रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में भी संयंत्र ने उत्कृष्ट उपलब्धियाँ दर्ज कीं। इस इकाई में कुल फिनिश्ड रेल्स उत्पादन 1,33,366 टन तथा प्राइम रेल्स उत्पादन 1,22,081 टन रहा, जो क्रमशः सितम्बर 2020 में दर्ज 1,23,309 टन और 1,09,717 टन के पिछले रिकॉर्ड को पार करता है। लॉन्ग रेल कॉम्प्लेक्स ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 98,238 टन का कुल लॉन्ग रेल उत्पादन दर्ज किया, जो सितम्बर 2023 में प्राप्त 84,322 टन के पूर्ववर्ती सर्वोत्तम आंकड़े से अधिक है। प्रेषण के क्षेत्र में भी बीएसपी ने अपनी प्रगति को और सुदृढ़ किया। यूआरएम में लॉन्ग रेल्स लोडिंग 81,719 टन तक पहुंची, जबकि कुल लॉन्ग रेल लोडिंग 96,744 टन रही, जो सितम्बर 2023 में प्राप्त 74,198 टन और 86,406 टन के पूर्व सर्वोत्तम प्रदर्शन से अधिक है।

### अचानकपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

ग्राम अचानकपुर में मरहुम मोहम्मद इस्लाम की याद में 05 अक्टूबर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 11:30 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में भिलाई के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. ए.के. शुक्ला एवं डॉ. ए.के. सलमानी अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे। आयोजन समिति ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएं। आयोजन आशिर्वाद नर्सिंग होम सुपेला, भिलाई के सौजन्य से किया जा रहा है। उक्त जानकारी राजकुमार साहू ने दी है।









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


04



कूल लुक के लिए जींस के साथ वियर करें न्यू डिजाइंस वाले टॉप

## लाइव इवेंट

### गरबा महोत्सव में उमंग और उल्लास के संग दिखी पारंपरिक छटा



**भिलाई।** नवरात्रि के अवसर पर सेक्टर-7 स्थित गुजराती सेवा सदन में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। मां दुर्गा के नौ दिवसीय पूजन के अंतर्गत सामाजिक भवन में प्रतिदिन माता के नव रूपों की आराधना की गई थी। इसी क्रम में गरबा प्रांगण में लाइव बैंड के संगीत और मंत्रमुग्ध कर देने वाले वातावरण में महिलाओं ने गरबे की शानदार प्रस्तुतियां दीं। मां के स्वरूपों की झांकी के साथ गरबा करती हुईं महिलाएं प्रसन्न और उत्साहित दिखाई दीं। आयोजन स्थल पर पारंपरिक वेशभूषा, सजीव ध्वनि-प्रकाश सज्जा और भक्तिमय माहौल ने सभी को मोह लिया।

गरबा महोत्सव में सक्रिय भागीदारी करने वालों में प्रीति भट्ट, स्मिता सेलट, ज्योति त्रिवेदी, प्रिया ठाकुर, विनीता दवे, अंजली दवे, विनीता शुक्ल, शिल्पा भट्ट, शुभी सेलट, जया भट्ट, निधि त्रिवेदी, रितु दवे, निशा भट्ट, साधना सेलट और रुचि दवे, आयुषी , मानवी प्रमुख रूप से सम्मिलित रहीं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि समाज में आपसी मेल-मिलाप और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का अवसर भी है। गरबा महोत्सव के उल्लासपूर्ण आयोजन ने श्रद्धालुओं और प्रतिभागियों के हृदय में मां दुर्गा के प्रति गहरी आस्था और आनंद का संचार किया।



## धार्मिक आस्था और पारिवारिक उल्लास से सराबोर रहेगा अक्टूबर का पहला पखवाड़ा

# करवा चौथ और पुष्य नक्षत्र में जमकर होगी खरीदारी, बाजारों में दिखेगी रौनक, कल शरद पूर्णिमा से शुरू होगा पर्वों का सिलसिला

अक्टूबर का पहला पखवाड़ा धार्मिक आस्था और पारिवारिक उल्लास से सराबोर रहेगा। 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा, 10 अक्टूबर को करवा चौथ और 14 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र के शुभ संयोग के साथ शहर में त्योहारों की रौनक चरम पर पहुंचेगी। जहां शरद पूर्णिमा की रात खीर को अमृतमय चांदनी में रखने की परंपरा निभाई जाएगी, वहीं करवा चौथ पर सुहागिनें अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी। पुष्य नक्षत्र पर खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ उमड़ेगी। पिछले दिनों नवरात्र से हो रही बारिश में से बाजार की रंगत थोड़ी फीकी हुई है लेकिन व्यापारियों का कहना है कि दो-चार दिनों में एक बार फिर से बाजारों में रौनक बढ़ेगी।



### करवा चौथ 10 को महिलाएं उत्साहित

10 अक्टूबर को महिलाओं का प्रिय पर्व करवाचौथ मनाया जायेगा। इस दिन विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी आयु की कामना और अविवाहित सुयोग्य वर की कामना के साथ व्रत रखेंगी। शाम को श्रृंगार कर पूजन और कथा के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला जायेगा। पूजन मुहूर्त शाम 5 बजकर 44 मिनट से 7 बजे तक और चंद्रोदय समय रात 8 बजकर 10 मिनट तक रहेगा।

### कल शरद पूर्णिमा पर बरसेगा अमृत

सोमवार को मनाये जाने वाले शरद पूर्णिमा और बंगाली समाज का लक्खी पूजा पर आसमान से अमृत बरसेगा। इस दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से पृथ्वी पर अमृत बरसाता है। मान्यता है कि रात में चांदनी में रखी खीर का सेवन करने से स्वास्थ्य लाभ और सौभाग्य प्राप्त होता है। पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर सुबह 7 बजकर 48 मिनट से शुरू होकर 7 अक्टूबर सुबह 6 बजकर 15 मिनट तक रहेगी। रात में चंद्रोदय के बाद से मध्यरात्रि तक खीर रखने का शुभ समय है।



### ब्रजमंडल द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 6 को

शनिवार को ब्रजमंडल भिलाई कार्यकारिणी की बैठक गीता भवन सभागार में हुई। इस बैठक में महासचिव सूरज मंगला ने बताया कि इस वर्ष शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर सोमवार को मनाई जाएगी।

कार्यक्रम के अनुसार गीताभवन सेक्टर 6 स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सुबह भगवान राधा कृष्ण विग्रह का विशेष साज श्रृंगार किया जाएगा। जिसके बाद श्रद्धालु और यजमान द्वारा विशेष महाभिषेक किया जाएगा। शाम 7 बजे महाआरती के बाद आमंत्रित कलाकारों द्वारा विशेष रास गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम पश्चात खीर प्रसाद का भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस बैठक में अध्यक्ष राकेश कुमार यदुवंशी सहित गिरीश गुप्ता, विरेन्द्र कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, हरीश कुमार गुहे, राजकुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

### बाजारों में बरसेगा सोना, पुष्य नक्षत्र 14 को



दिवाली से कुछ दिन पहले पड़ने वाला पुष्य नक्षत्र 14 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 54 मिनट से शुरू होकर 15 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे तक रहेगा। पुष्य नक्षत्र साल 2025 के सबसे शुभ नक्षत्रों में से एक है और इस दौरान सोना, चांदी, वाहन और अन्य महत्वपूर्ण चीजें खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। जिसके लिए बाजारों में विशेष ऑफर और डिस्काउंट की तैयारी है।

#### पुष्य नक्षत्र का विशेष महत्व

पुष्य नक्षत्र साल में कई बार आता है, क्योंकि चंद्रमा हर महीने लगभग 27 दिनों के चक्र में 27 नक्षत्रों से गुजरता है। जब चंद्रमा पुष्य नक्षत्र में होता है, तो यह पुष्य नक्षत्र योग कहलाता है। यह नक्षत्र एक ही महीने में एक या उससे अधिक बार भी हो सकता है, जो चंद्रमा के गति पर निर्भर करता है, जैसा कि 2025 में कई पुष्य नक्षत्र योग देखने को मिले है। पुष्य नक्षत्र में देवगुरु बृहस्पति का नक्षत्र, इस दिन की गई खरीदारी अक्षय मानी जाती है। स्वर्ण, वाहन, गृह उपयोगी वस्तुएं खरीदने की परंपरा है।

#### इन बाजारों में रहेगी रौनक

ट्विनसिटी के सभी प्रमुख बाजारों में सिविक सेंटर, पावर हाउस, आकाशगंगा, सुपेला, दुर्ग इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड और नेहरू नगर जैसे बाजारों में साड़ियां, श्रृंगार सामग्री, घर सजावट और ज्वेलरी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। कई दुकानदारों ने पुष्य नक्षत्र के लिए एडवांस बुकिंग भी शुरू कर दी है।

## सिटी इवेंट

### कार्यालयीन कामकाज व विशेषकर पत्राचार हिंदी में ही करें : महापात्र



**भिलाई।** बीएसपी संपर्क व प्रशासन, राजभाषा विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में संयंत्र के समस्त कार्यपालक निदेशक उपस्थित थे। इस अवसर पर संयंत्र के विभाग प्रमुखगण एवं उच्चाधिकारीगण, विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारीगण, राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता तथा निर्णायक एवं बड़ी संख्या में हिंदी प्रेमी कार्मिकगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि चित्त रंजन महापात्र ने वार्षिक पुरस्कारों के क्रम में अपने विभागों एवं अंचलों में हिंदी में कामकाज को प्रोत्साहन के लिए 'राजभाषा उन्नायक सम्मान' कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्त, मुख्य महाप्रबंधक टीके. कृष्ण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, मुख्य महाप्रबंधक सुनील सिंगल, मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता तथा मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी को प्रदान किया।

इस अवसर पर हिंदी में श्रेष्ठ कार्य के लिए 20 कार्मिकों को 'विशिष्ट सेवा सम्मान' तथा संयंत्र के 10 कार्यालयों को 'राजभाषा समूह-कार्यालय पुरस्कार' प्रदान किया गया। 'निदेशक प्रभारी, राजभाषा वैजयंती' पुरस्कार, खदान क्षेत्र में 'राजहरा लौह अयस्क समूह' को, संकार्य क्षेत्र में 'स्टील मेल्टिंग शॉप-3' को तथा 'गैर संकार्य' क्षेत्र में 'वित्त एवं लेखा विभाग' को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ हिंदी समन्वय अधिकारी का सम्मान महाप्रबंधक सौरभ जैन को प्रदान किया गया। महापात्र ने कहा कि बीएसपी अपने कर्तव्यों के निर्वहन में सदैव अग्रणी रहा है। आज एक बार फिर से ये संकल्प दोहराने का समय है कि हम अपना कार्यालयीन कामकाज तथा विशेषकर पत्राचार हिंदी में ही करें।

#### विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता हुए पुरस्कृत

कार्यक्रम के आरम्भ में विभाग प्रमुख महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी ने पुस्तक भेंट कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथिगण का स्वागत किया। महाप्रबंधक राजीव कुमार ने कहा कि बीएसपी में विभिन्न भाषा-भाषी कार्मिक कार्यरत हैं, किंतु सभी कार्मिकों के मध्य संवाद की भाषा हिंदी है। भिलाई इस्पात संयंत्र वर्ष 1991 से हिंदी में कार्यालयीन कार्य संपन्न करने के लिए अधिसूचित संस्थान है, यहां अधिकतर कार्य राजभाषा हिंदी में ही किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी में शत-प्रतिशत कार्यालयीन कार्य करने पर जोर दिया। समापन समारोह में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित ऑनलाइन क्विज़, तात्कालिक निबंध लेखन, तात्कालिक काव्य लेखन, तात्कालिक चित्र देखें–कहानी लिखें तथा तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। संचालन उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन महाप्रबंधक सौरभ जैन ने किया।

# सफाई अभियान चलाकर आसपास के क्षेत्रों से खरपतवार हटाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**भिलाई।** बीएसपी में स्वच्छ भारत अभियान के तहत चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक एमके गोयल के नेतृत्व में किया गया।

श्री गोयल ने कहा कि स्वच्छता केवल घर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि कार्यस्थल पर भी इसका समान महत्व है। उन्होंने पर्यावरण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का प्रतीकात्मक आयोजन न होकर एक निरंतर चलने वाला प्रयास होना चाहिए। उन्होंने उपस्थित ठेका श्रमिकों, कर्मचारियों और वरिष्ठ अधिकारियों को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने की शपथ भी दिलाई। अभियान के दौरान वर्क्स बिल्डिंग-12 और मिल क्षेत्र के बीच सफाई अभियान चलाकर आसपास के क्षेत्रों से खरपतवार हटाकर स्वच्छता का सन्देश दिया गया। अभियान में विभाग के अनुभाग प्रमुख व महाप्रबंधक एसके हरिरमानी, महाप्रबंधक अनुपमा कुमारी, महाप्रबंधक पीएस कोरेटी सहित वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यस्थल और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्रबंधक समायला अंसारी, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी सीआर साहू और जितेन्द्र सोनी का विशेष सहयोग रहा।

- स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल में स्वच्छता अभियान




# वेटिको क्वीन ऑफ इंडिया ब्यूटी पेजेंट की जज होंगी अनिता

**भिलाई।** मिस एंड मिसेज वेटिको क्वीन ऑफ इंडिया ब्यूटी पेजेंट राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग में किया जायेगा। जिसमें दुर्ग की अनिता सरकार जज के रुप में शामिल होंगी। मिस एंड मिसेज वेटिको क्वीन ऑफ इंडिया ब्यूटी पेजेंट जो की केवल वेटनरी डॉक्टर्स के लिए आयोजित की जाती है का सीजन -2 दुर्ग में होगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे दुर्ग की मिसेज इंडिया कल्चर इंप्रेस अनिता सरकार जज पैनल का हिस्सा होंगी।



यह सौंदर्य प्रतियोगिता 6-7 अक्टूबर को दुर्ग छत्तीसगढ़ में होने वाली है। अनिता सरकार ने बताया कि वो इस ब्यूटी पेजेंट में बतौर जज हिस्सा लेने के लिए काफी एक्साइटेड और जज के तौर पर शामिल होने पर इमोशनल फील कर रही है। अनिता ने आगे बताया कि वो इस प्रतियोगिता के कल्चरल राउंड की जूरी होंगी। उन्होंने शो की डायरेक्टर और फाउंडर डॉ निधि रावत का आभार व्यक्त किया है। इस ब्यूटी पेजेंट का पहला सीजन पिछले साल लखनऊ में हुआ था। अनिता ने हाल ही में मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ नेशन जो कि नागपुर में आयोजित हुई थी में बतौर जज शिरकत की थी।

## भारती विश्वविद्यालय में मना फॉरेंसिक साइंस वीक

# विद्यार्थियों ने सीखा अपराध सुलझाने की बारीकियां, फिंगरप्रिंट एनालिसिस क्विज़ और मॉडल प्रदर्शनी में दिया अपने वैज्ञानिक सोच का परिचय

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** फॉरेंसिक साइंस और मॉक क्राइम सीन की बारीकियों की जानकारी देने भारती विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक साइंस विभाग और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में फॉरेंसिक साइंस वीक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का परिचय देते हुए विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने क्विज़ प्रतियोगिता, मॉडल प्रदर्शनी, फिंगरप्रिंट एनालिसिस सहित कई मॉडल प्रदर्शित किये।



### मॉडल किये प्रदर्शित

सप्ताह भर चले इस आयोजन में क्विज़ प्रतियोगिता, मॉडल प्रदर्शनी, एफएसएल की विभिन्न शाखाओं से संबंधित सूचना केंद्र इन्फॉर्मेशनण बूथ और मॉक क्राइम सीन की रचना और उनकी प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण रहे। क्विज़ प्रतियोगिता द्वारा विद्यार्थियों की विषयगत जानकारी परखी गई, वहीं मॉडल प्रदर्शनी में छात्रों ने डीएनए फिंगर प्रिंटिंग, फॉरेंसिक फोटोग्राफी, बैलिस्टिक, साइबर फॉरेंसिक और फिंगरप्रिंट एनालिसिस जैसे विषयों पर मॉडल प्रदर्शित किए। मॉक क्राइम सीन विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए विशेष आकर्षण रहा, इन क्राइम सीन के माध्यम से विद्यार्थियों ने घटनास्थल पर साक्ष्य संग्रहण, फोटोग्राफी एवं वैज्ञानिक पद्धति से क्राइम इन्वेस्टिगेशन प्रक्रिया को प्रायोगिक तौर पर दिखाया।

### मॉक क्राइम सीन नया अनुभव



छात्र करण चंदेल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वास्तविक घटना स्थल पर किसी भी तरह का सूक्ष्म साक्ष्य को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। मॉक क्राइम सीन की तैयारी हमारे लिए एक नया अनुभव रहा। क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा साक्षी देशमुख ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने हमें विषय को गहराई से समझने और त्वरित रूप से सोचने की जरूरत का साक्षात्कार कराया।

विश्वविद्यालय के संयुक्त निदेशक शालिनी चंद्राकर ने समापन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि फॉरेंसिक साइंस आधुनिक युग में क्राइम इन्वेस्टिगेशन की रीढ़ बन चुकी है, इस तरह के आयोजन छात्रों में शोध की प्रवृत्ति और ज्ञान के व्यवहारिक उपयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियो को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। फॉरेंसिक साइंस के विभागाध्यक्ष प्रो जयंत बारीक और सहायक प्राध्यापक समीक्षा नय्यर, सूरज मुदुली, निकिता साहू, भूमिका सिन्हा के संयोजन में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## सिटी इवेंट

### इतिहास विभाग द्वारा दस दिवसीय लौह शिल्प कार्यशाला का आयोजन



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के अनुरूप सटिर्फिकेट कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों में कौशल विकास एवं स्वरोजगार के लिये प्रेरित करने हेतु 6 से 15 अक्टूबर तक दस दिवसीय लौह-शिल्प प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन इतिहास विभाग द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्यशाला में कोण्डागांव के कलाकारों द्वारा विद्यार्थियों को लौह शिल्प कला की बारीरिकों से परिचित कराया जायेगा। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की प्राचीन आदिवासी कला जो विश्व में अपना स्थान रखती है, से परिचित कराना एवं संवर्धन के लिए प्रोत्साहित करने के साथ स्वरोजगार के लिये प्रेरित करना है। दस दिवसीय कार्यशाला में कुल 50 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के परम्परागत लौह-शिल्प की अद्भुत कलाकृतियों का निर्माण करेंगे।

- कोण्डागांव के कलाकारों द्वारा विद्यार्थियों को लौह शिल्प कला की बारीरिकों से परिचित कराया जायेगा

## स्पोर्ट्स लाइव

### स्पर्श कॉरपोरेट कप सीजन 1 में क्वालीफायर और फाइनल आज



**भिलाई।** स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा आयोजित चार दिवसीय स्पर्श कॉरपोरेट कप सीज़न -01 टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। शनिवार को टूर्नामेंट का तीसरा दिन था और लीग मैचों में प्रतिस्पर्धा देखने को मिली है। इस रोमांचक टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है। टॉप 4 टीमें रविवार 5 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से क्वालीफ़ायर मैच खेलेंगी, जहां वे फ़ाइनल में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेंगी। इसके पश्चात ग्रैंड फ़ाइनल मैच रविवार 05 अक्टूबर को रात 09 बजे आयोजित किया जाएगा, जिससे विजेता टीम का फैसला होगा। अधिकारियों एवं नागरिकों की उपस्थिति टूर्नामेंट के दौरान, दुर्ग भिलाई शहर के गणमान्य अधिकारी और नागरिक लगातार उपस्थित होकर टीमों का प्रोत्साहन बढ़ा रहे हैं, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना हुआ है। स्पर्श अस्पताल के डायरेक्टर डॉ संजय गोयल ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागी टीमों और उपस्थितों का धन्यवाद दिया है और आशा व्यक्त किया कि वे आज के निर्णायक मैचों में भी इसी उत्साह के साथ उपस्थित रहेंगे। यह टूर्नामेंट स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और कॉरपोरेट जगत में खेल भावना को बढ़ावा देने के स्पर्श अस्पताल के प्रयासों को दर्शाता है।

- टाप चार टीमें आज खेलेंगी क्वालीफायर मैच

## समाज इवेंट

### भिलाई में कला का संगम, 4 से 12 अक्टूबर तक उत्सव



**भिलाई।** शहर में इस बार कला और सृजन का रंग बिखरने वाला है। नृत्यधाम कला समिति की ओर से नृत्य, संगीत, वाद्य, चित्रकला और चित्रकारी की एक भव्य प्रतियोगिता और उत्सव का आयोजन 4 से 12 अक्टूबर तक किया गया है। आयोजन की जानकारी देते हुए नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से भी बच्चे और कलाकार भाग लेने पहुंचे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य नई प्रतिभाओं को मंच देना और कला के हर रूप को सम्मानित करना है। आयोजन के दौरान विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागी अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे। डॉ. रॉय ने बताया कि प्रतियोगिता के अंत में प्रतिदिन विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा और श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का विशेष मंचन भी होगा। भिलाई में आयोजित यह उत्सव आने वाले दिनों में कला प्रेमियों के लिए एक यादगार अवसर बनने जा रहा है।



- नृत्यधाम कला समिति की प्रतियोगिता में 1000 से ज्यादा प्रतिभागी
- 4 से 12 अक्टूबर तक उत्सव

## सीजी बटालियन एनसीसी दुर्ग का 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

# बिना लकड़ी या बांस के वैकल्पिक स्ट्रेचर बनाने सीपीआर देकर मरीज की जान बचाने दिया प्रशिक्षण

**भिलाई।** 37 सीजी बटालियन एनसीसी दुर्ग का 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर लखोली में एनडीआरएफ द्वारा कैडेट्स को आपदा प्रबंधन और प्राथमिक उपचार का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कैडेट्स को बिना लकड़ी या बांस के वैकल्पिक स्ट्रेचर बनाना, सीपीआर, सर्प दंश, भूकंप आदि आपदाओं से निपटने का प्राथमिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आकाशीय बिजली से बचाव में तूफ़ान के दौरान पेड़ों और धातु से दूर रहने, सुरक्षित भवन और वाहन में शरण लेने की सलाह और लाइफ जैकेट का उपयोग और जलजनित दुर्घटनाओं से बचाव की तकनीक भी समझाई गई।

छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी दुर्ग द्वारा लखोली में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को आपदा प्रबंधन और प्राथमिक उपचार का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर एनडीआरएफ (नेशनल डिज़ास्टर रिस्पॉन्स फोर्स) की विशेष टीम के डीसी पवन जोशी ने विभिन्न प्रकार की आपदाओं भूकंप, सांप के काटने, रेबीज़ संक्रमण, आकाशीय बिजली, सड़क सहित अन्य दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा और संरचना ढहने की स्थिति में बचाव कार्य पर विस्तार से जानकारी दी।



### प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु रहा भूकंप के समय सुरक्षा



एनडीआरएफ ने कैडेट्स को ड्रॉप, कवर, होल्ड ऑन तकनीक, सुरक्षित निकास मार्ग और असेंबली पॉइंट की जानकारी दी। साथ ही सीपीआर का डेमो कर सिखाया गया। सांप काटने की स्थिति में रोगी को शांत रखने, प्रभावित अंग को स्थिर करने और तुरंत अस्पताल ले जाने की प्रक्रिया बताई गई। रेबीज़ रोकथाम के लिए पशु काटने पर घाव को साबुन-पानी से धोने और तुरंत वैक्सीन पीईटी लगवाने की जानकारी दी गई।



### कमांडेंट और अधिकारियों ने किया प्रेरित

शिविर के दौरान कैंप कमांडेंट कर्नल निलेश चतुर्वेदी के साथ उप-शिविर सेनानी कर्नल प्रेमजीत, सूबेदार मेजर थानेश्वर गुरुंग, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संतोष यादव, लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे, फर्स्ट ऑफिसर पूनम सोंधी, फर्स्ट ऑफिसर सचिन शर्मा, फर्स्ट ऑफिसर के.के. कोशिमा, थर्ड ऑफिसर पूनम बघेल और पीआई स्टाफ उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कैडेट्स को आपदा के समय स्वयं की सुरक्षा, सामुदायिक सहयोग और टीमवर्क के महत्व पर प्रेरित किया।

### कैडेट्स हमेशा सजग रहें

टीम ने कैडेटों को बताया कि किसी भी आपदा में डरे नहीं बल्कि दूसरे व्यक्ति की सहायता करे। कार्यक्रम में कैंप कमांडेंट कर्नल निलेश चतुर्वेदी ने कहा कि आपदा किसी भी समय आ सकती है, इसलिए कैडेट्स को हमेशा सजग और तैयार रहना चाहिए। इस प्रकार का प्रशिक्षण न केवल उनके कौशल का विकास करता है, बल्कि सामुदायिक नेतृत्व की भावना को भी मजबूत करता है।

### वैकल्पिक संसाधनों से स्ट्रेचर बनाना सीखा

दुर्घटनाओं में प्राथमिक उपचार को बताते हुए रक्तस्राव रोकने, हड्डी टूटने की स्थिति में स्प्लिंट लगाने तथा शॉक प्रबंधन की जानकारी दी गई। स्ट्रेचर और रेस्क्यू तकनीक में दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उठाने के तरीकों का प्रदर्शन किया गया। कैडेट्स को लकड़ी या बांस की पत्ती उपलब्ध न होने पर वैकल्पिक संसाधनों से स्ट्रेचर तैयार करना सिखाया गया। लाइफ जैकेट का उपयोग एवं जलजनित दुर्घटनाओं से बचाव की तकनीक भी समझाई गई। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स के आपदा और प्राथमिक उपचार से संबंधित कई भ्रांतियों को प्रायोगिक अभ्यास द्वारा दूर किया गया। एनडीआरएफ टीम में डीसी जोशी के साथ अरुण कुमार, रमन पवार, मनीष कुमार, राजेश कुमार और हेड कॉन्स्टेबल पंकज मौजूद रहे।




## समिति के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजन

# माता की सेवा में श्रद्धा प्रकट करने जसगीत मंडलियां हुई सम्मानित



**भिलाई।** नवदुर्गा उत्सव समिति दक्षिण वसुंधरा नगर भिलाई 3 में समिति की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा क्षेत्र सहित आसपास की मानस व जस गीत, झांकी मंडलियों को सम्मान देने की श्रृंखला की शुरुआत की गई। समिति के अध्यक्ष मनीष चंद्राकर, सचिव महेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष अनिश चंद्राकर, सांस्कृतिक प्रभारी राम कुमार वर्मा, सोनू यादव, राकेश शर्मा के संयोजन में समितियों को सम्मानित किया गया। पिछले कई वर्षो से माता की सेवा में अपनी आगाध श्रद्धा प्रकट करते हुए जस गीत, पचरा, माता सेवा के गीत सुमधुर ढंग से गायन- वादन करने वाली गंगा महिला मानस मंडली की बिटावन वर्मा, मैना निर्मलकर, सुभाष चौक भिलाई 3, गीता साहू शीतलापारा भिलाई 3, उर्वशी वर्मा की टीम सुभाष चौक भिलाई 3, आस्था महिला मानस व जसगीत मंडली की जमुना बंछोर दक्षिण वसुंधरा नगर भिलाई 3, कामिनी वर्मा चरोदा बस्ती, द्रोपती वर्मा अकलोरडीह, मंजु साहू, सीता साहू, दीपक साहू डबरापारा दक्षिण, पुरुष जसगीत झॉकी मंडली, मयूर यादव महामाया भिलाई 3, सतबहिनिया जसगीत और मुकेश पटेल, मनीष पटेल भजन मंडली शीतलापारा भिलाई 3 को सामुहिक रुप से समिति की ओर से श्रीफल व नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिला मानस और जस गीत मंडली जंजगिरी की गायिका संतोषी देवांगन, गायत्री सेन, सविता साहू, नीरा साहू, उमा साहू, उमरिया साहू, सेवती विश्वकर्मा, भगवती साहू, मैना साहू सहित ढोलक वादक चंदन साहू, बाल कलाकार सूरज साहू का सामूहिक सम्मान समिति की ओर से किरण वर्मा, जमुना बंछोर, पूर्णिमा वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी राम कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष अनिश चंद्राकर, सचिव महेंद्र वर्मा सहित काफी संख्या में दर्शक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

- समिति ने श्रीफल व नकद भेंट कर किया सम्मानित

## महाराष्ट्र मंडल में कार्यक्रम आयोजित

# महिलाएं कर रहीं प्रगति, सहकार गीत से शुरू की वार्षिक आमसभा



**भिलाई।** महिलाओं द्वारा संचालित प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक सभा महाराष्ट्र मंडल सेक्टर 4 भिलाई में आयोजित की गई। इस दौरान सालभर के आय-व्यय सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैंक की संचालिका पुष्पलता नेताम ने छत्तीसगढ़ का राज्यगीत और अन्य संचालिकाओं के साथ सहकार गीत प्रस्तुत किया।

बैंक की अध्यक्ष अश्विनी नागले ने रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्या देवी होलकर और जीजा माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर सभा की शुरुआत की। अश्विनी नागले ने स्वागत भाषण और 2024-25 का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये जानकारी देते हुए बताया कि बैंक की अंशपूंजी और एनपीए खातों की वसूली की जानकारी दी। नये सुरक्षित ऋण वितरण कर बैंक ने अपने ऋण शेष में अच्छी वृद्धि की। इस कारण ही बैंक लाभांश देने की स्थिति में आई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतुल भेलोंडे ने वर्ष 2024-25 की पारित अंकेक्षण टीप सभा के सामने रखा। जिसे उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताई। वर्ष 2024-25 की लक्ष्य पूर्ति की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 100 सदस्य, नये डिपोजिट करके लक्ष्य की पूर्ति की। स्वीकृत बजट के अनुरूप किये गये खर्चों और लक्ष्य पूर्ति को मान्यता दी गई। वित्तीय वर्ष 46 लाख 49 हजार रूपये का लाभ हुआ। जिसमें सभी अंशधारियों के खाते में लाभांश की राशि जमा कर दी गई।

प्रबंधक मुकुन्द भोम्बे ने वर्ष 2020-27 के लिये बजट प्रस्तुत किया और प्रस्तावित लक्ष्य की जानकारी सभा में दी। कार्यक्रम का संचालन नीलिमा सगदेव और बैंक की उपाध्यक्ष बृजलता चौबे ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सुषमा चन्द्राकर, निहारिका राजे, शुभदा कामडे, मीता बैनर्जी, संगीता बन्छोर, मोनिषा सिंग, सुचिता राजहंस सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

**दी बैंक की अंशपूंजी और खातों की जानकारी**

## अनेकता में एकता और आपसी भाईचारे का दिया संदेश

# हेल्प लाइन नंबर जारी कर एक शव वाहन, दो बॉडी फ्रीजर, व्हील चेयर और सिलाई मशीन

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** अनेकता में एकता और आपसी भाई चारे का संदेश देते हुए सर्व कल्याण समाज के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह द्वारा अपने स्व पिता की स्मृति में मानव सेवा के लिए सर्व समाज को हेल्प लाइन नंबर जारी करते हुए एक शव वाहन, दो बॉडी फ्रीजर, दिव्यांगो के लिए व्हील चेयर सहित पांच जरुरतमंद महिलाओं को स्वावलंबी बनाने सिलाई मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर सभी समाजों के प्रमुख लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा नानकसर के ज्ञानी परवीन सिंग की मौजूदगी में अरदास हुई। सभी उपस्थित लोगों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संक्षिप्त संबोधन में सर्वसमाज कल्याण समिति के अध्यक्ष और एचटीसी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने अपने पिता स्व बीरा सिंह के संघर्षों को बताया।



### हॉस्पिटल में नि:शुल्क इलाज




इंद्रजीत ने बताया कि पिता की स्मृति में एसबीएस हॉस्पीटल में डायलेसीस के गरीब मरीजों का मुफ्त में इलाज होता है। लोगों को पहले इलेक्ट्रानिक ट्रायसिकल दी। खुर्सीपार गुरुद्वारे में सोलर सिस्टम व वाटर कूलर भेंट किया। छठवीं पुण्यतिथि पर एक शव वाहन और दो बॉडी फ्रिजर जिसमें हेल्प लाईन नंबर भी जारी कर दिए गए है। जो सभी समाज के लोगों को लिए उपयोगी साबित होगा। इंद्रजीत ने आगे कहा कि यूथ सिक्ख सेवा समिति एवं बीटीटीटीए के सहयोग से अब तक सौ लड़कियों की शादी करा चुके है।जरूरतमंद लोगों व मेघावी बच्चों के फीस, गोल्ड मेडल लाने बच्चों की मदद की जा रही है। नशे से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे है। लावारिस शवों का भी अंतिम संस्कार का काम हमारी संस्था कर रही है।

### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर एसबीएस के डॉक्टर वैभव रानी, डॉ. पवन देशमुख, डॉ. कृतिका दास, डॉ. प्रतीक्षा राठी, डॉ. राहुल ठाकुर एवं सभी समाज प्रमुखों का शाल भेंट किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत के चेयरमेन जसबीर सिंग चहल, महासचिव गुरनाम सिंग, प्रभुनाथ मिश्रा, भाजपा नेता प्रवीण पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों को व्हीलचेयर, सिलाई मशीन और चेक का वितरण किया गया। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि एक दो वर्ष में एसबीएस अस्पताल सौ बेड का हो जाएगा। डाग्नोस्टिक सेंटर बनेगा मेजर सर्जरी, हमारे यहां अब तक सफल हुई है। आयुष्मान कार्ड से हमारे यहां इलाज होता है। इस अवसर पर स्व. वीरा सिंग की धर्मपत्नी कुलवंत कौर एवं उनके परिवार तथा सिक्ख समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। वहीं इस दौरान बड़ी संख्या में रक्तदान किए गए।

### यह रहे उपस्थित

स्व बीरा सिंह के श्रद्धांजलि सभा में निगम सभापति केशव बंटी साहू, सरयूपारीय ब्राम्हण समाज अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, ट्रांसपोर्टर गनी खान, छग सिख पंचायत भिलाई अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल, यादव समाज अध्यक्ष जगन्नाथ यादव पहलवान, भोजपुरी परिषद अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, भाजपा नेता प्रवीण पांडे, सर्वसमाज कल्याण समिति महासचिव मलकित सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी, चैंबर ऑफ कॉमर्स महिला विंग अध्यक्ष सुमन कन्नौजे, सचिव पाणिग्रही सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## हेल्थ टिप्स

### सुपरफूड्स से पूरी होगी मैग्नीशियम की कमी



क्या आप जानती हैं कि मैग्नीशियम की कमी आपके शरीर को अंदर से खोखला कर सकती है। इसका असर आपकी ओवरऑल हेल्थ पर होता है। ऐसे में मैग्नीशियम की कमी को पूरा करने के लिए डाइट में इन सुरफूड्स को शामिल करें। शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी बॉडी के कई फंक्शन्स पर असर डालती है। हमारे शरीर को सही तरह से काम करने के लिए पोटैशियम, सोडियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम और आयरन समेत कई मिनरल्स की जरूरत होती है।

जब शरीर में इनमें से किसी की भी कमी होने लगती है, तो उसके लक्षण साफ नजर आने लगते हैं। हमारे देश में महिलाओ में मैग्नीशियम की कमी काफी आम है। इसे आसानी से पकड़ना भी मुश्किल होता है क्योंकि हमारे खून में केवल 1 प्रतिशत मैग्नीशियम ही होता है और बाकी हड्डियों और सेल्स में पाया जाता है। मैग्नीशियम की कमी से थकान, दिल की धड़कन अनियमित होना, कमजोरी, मांसपेशियों में ऐंठन और नींद आने में मुश्किल हो सकती है।

इसे बूस्ट करने में कई सुपरफूड्स मदद कर सकते हैं। इन्हें डाइट में शामिल करने से मसल्स, नर्व्स और एनर्जी लेवल सही रहेगा। यह जानकारी डाइटिशियन मनप्रीत दे रही हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में




मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं और रीबूट गट हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली की फाउंडर और डायरेक्टर हैं।

पालक में मैग्नीशियम और आयरन भरपूर मात्रा में होता है। यह कमजोरी दूर करती है और मसल्स क्रैम्प्स को कम करती है। काले चने भी मैग्नीशियम का अच्छा सोर्स होते हैं। इनमें फाइबर भी अधिक मात्रा में होता है, जो पाचन को दुरुस्त करता है और शरीर को ताकत देता है। कद्दू के बीजों का सेवन करने से भी शरीर में मैग्नीशियम की कमी को दूर कर सकते हैं। ये छोटे से बीज गुणों की खान होते हैं और रोजाना इन्हें खाने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं।

नारियल पानी शरीर को हाइड्रेशन हेता है। इसमें मैग्नीशियम और इलेक्ट्रोलाइट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। केला मैग्नीशियम और पोटैशियम से भरपूर होता है। इससे नर्व्स और मसल्स दोनों की हेल्थ बेहतर होती है। बादाम में हेल्दी फैट्स और मैग्नीशियम पाया जाता है। ये इंफ्लेमेशन को कम करते हैं और शुगर क्रेविंग्स को भी कंट्रोल करते हैं।

डार्क चॉकलेट खाना भी शरीर में मैग्नीशियम की कमी को पूरा करने का एक बेहतर तरीका है। एक्सपर्ट का कहना है कि ये फूड्स स्ट्रेस को कम करने, मसल्स हेल्थ को सुधारने, शरीर को आराम देने और मांसपेशियों की ऐंठन को कम करने का काम करते हैं। इनसे एंग्जायटी और इंफ्लेमेशन भी कम होता है।

एक्सपर्ट का कहना है कि मैग्नीशियम की कमी दूर करने के लिए, इन सुपरफूड्स को डाइट में शामिल करें। मैग्नीशियम की कमी को दूर करने के लिए आपको पत्तेदार सब्जियां (जैसे पालक), मेवे (जैसे बादाम और कद्दू के बीज), बीज (जैसे सूरजमुखी के बीज), साबुत अनाज (जैसे क्विनोआ), फल (जैसे केला और एवोकाडो), सोयाबीन, डार्क चॉकलेट और प्राकृतिक मिनरल वाटर का सेवन करना चाहिए। पालक, सरसों का साग और आटिचोक मैग्नीशियम के उत्कृष्ट स्रोत हैं। एवोकाडो मैग्नीशियम से भरपूर एक स्वादिष्ट फल है। सूखे मेवे और फलियों में लीमा सेम, काली आंखों वाले मटर और सूखी खुबानी भी मैग्नीशियम के अच्छे स्रोत हैं। कद्दू के बीज में मैग्नीशियम, जिंक और फाइबर अच्छी मात्रा में होता है। बादाम और अखरोट मैग्नीशियम के साथ-साथ ओमेगा-3 फैटी एसिड और अन्य पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं। मैग्नीशियम से भरपूर सूरजमुखी के बीज कई अन्य पोषक तत्वों का भी अच्छा स्रोत हैं। क्विनोआ एक पौष्टिक अनाज है जिसमें मैग्नीशियम अच्छी



मात्रा में पाया जाता है। ब्राउन राइस मैग्नीशियम और फाइबर से भरपूर होता है। सोयाबीन मैग्नीशियम और प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत है। डार्क चॉकलेट न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि इसमें मैग्नीशियम भी प्रचुर मात्रा में होता है। केला मैग्नीशियम के साथ-साथ पोटेशियम का भी एक अच्छा स्रोत है।

## हृदयरोग के बढ़ते मामलों में युवा सबसे अधिक चपेट में

# कम उम्र के लोगों में बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामले, सामने आ रहे चौंकाने वाले आंकड़े

हृदय रोगों का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ता हुआ देखा जा रहा है, कम उम्र के लोग यहां तक 20 से कम आयु वालों में भी इसका जोखिम देखा जा रहा है। आप भी अक्सर हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट की घटनाओं के बारे में सुनते-पढ़ते होंगे। हाल के वर्षों में ऐसी खबरें अधिक सुनने को मिल रही हैं।

हार्ट अटैक को लेकर सामने आ रहे आंकड़े काफी डराने वाले हैं। नेशनल सेंटर फॉर हेल्थ स्टैटिस्टिक्स (एनसीएचएस) के आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में 18 से 44 वर्ष की आयु के 0.3% वयस्कों को दिल का दौरा पड़ा था। इस आयु वर्ग में हार्ट अटैक के मामले अभी भी दुर्लभ माने जाते हैं, हालांकि पिछले चार-पांच वर्षों में इसमें काफी वृद्धि हुई है।

### युवाओं में बढ़ रहा है दिल का खतरा

एनसीएचएस डेटा से पता चलता है कि वृद्ध लोगों में दिल के दौरे कहीं अधिक आम माने जाते रहे हैं, पर कई कारणों से युवा आबादी भी इसका शिकार होती जा रही है। कोलंबिया विश्वविद्यालय में हृदय रोग विशेषज्ञ और महामारी विज्ञानी डॉ. एंड्रयू मोरन कहते हैं, दुनियाभर में बढ़ते हार्ट अटैक



और हृदय रोगों के मामलों के लिए मोटापा की समस्या को एक कारक माना जा सकता है। वैसे तो मोटापा का समस्या सभी आयु वर्ग के लोगों में देखी जा रही है पर युवा आबादी में इसका जोखिम ज्यादा बढ़ गया है। अगर वजन को कंट्रोल कर लिया जाए तो हृदय रोगों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### महामारी के दौरान बढ़ गया जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोरोना महामारी ने कई तरह से हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में लोगों की शारीरिक निष्क्रियता बढ़ी, जिसने मोटापा और इसके कारण हृदय स्वास्थ्य की समस्याओं को बढ़ा दिया है। इसके अलावा कई अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि कोविड-19 ने हृदय प्रणाली को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। संक्रमण का शिकार रहे कई लोगों में मायोकार्डिटिस की समस्या देखी गई है। हृदय की मांसपेशियों पर वायरस के दुष्प्रभावों ने क्रोनिक हृदय संबंधी मामलों को जन्म दे दिया है।



### डरा रहे हैं आंकड़े

एक अध्ययन में पाया गया कि कोविड महामारी के पहले दो वर्षों के दौरान 25 से 44 वर्ष की आयु के लोगों में दिल के दौरे से होने वाली मौतों की संख्या अपेक्षा से 30% अधिक थी। इसी तरह से एक अन्य अध्ययन में पाया गया है कि यूएस. में हर 100 में से चार लोगों में कोविड से ठीक होने के एक वर्ष में दिल से संबंधित कोई न दिक्कत हुई है।

बढ़ते जोखिमों को देखते हुए हृदय रोग विशेषज्ञों ने कहा, हमें मोटापा और उच्च रक्तचाप जैसे जोखिम कारकों पर ध्यान देना होगा, जो युवा वयस्कों में हृदय रोगों का खतरा बढ़ा रहे हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

कार्डियक सर्जन डॉ निरंजन हिरेमथ कहते हैं, हार्ट



अटैक और कार्डियक अरेस्ट के मामले पहले भी होते रहे हैं पर अपेक्षाकृत अब इसकी रिपोर्टिंग ज्यादा है। निश्चित ही कोरोना महामारी ने हृदय स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है और पिछले कुछ वर्षों में इससे मौत के मामले भी बढ़े हैं। मोटापा, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी और धूम्रपान जैसी आदतों को कम करके आप अपने जोखिमों से बचाव कर सकते हैं। ये सोचना कि हृदय रोग सिर्फ उम्र बढ़ने पर ही होते हैं, ये सबसे बड़ी भूल है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोगों को इससे बचाव को लेकर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।



## दूर रह रहे पार्टनर के साथ प्लान करें वर्चुअल डेट नाइट, होगा पास होने का एहसास

अक्सर अपने लोगों को यह कहते सुना होगा कि यदि किसी भी रिश्ते में भरोसा और प्यार है तो वह रिश्ता और भी ज्यादा मजबूत हो जाता है। जैसे-जैसे समय बढ़ता जाता है, आपका और आपके पार्टनर का रिश्ता और भी ज्यादा स्ट्रांग होता जाता है। ऐसा तब होता है जब आप अपने पार्टनर के साथ रहते हैं लेकिन जब आपके रिश्ते में लॉन्ग डिस्टेंस आ जाता है तो भरोसा और प्यार बरकरार रखना काफी मुश्किल हो जाता है।

आजकल नौकरी की आपाधापी में कपल्स एक दूसरे से मीलों दूर रहते हैं, जिस वजह से उन्हें मिलने के लिए भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। ना मिल पाने की वजह से कई बार लड़ाई-झगड़े भी हो जाते हैं। अगर आप भी इसी सिचुएशन का सामना कर रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है। टेक्नोलॉजी के जमाने में लॉन्ग डिस्टेंस में रहने वाले लोगों के लिए वर्चुअल डेट नाइट एक वरदान है। वर्चुअल डेट नाइट के सहारे से आप अपने रिश्ते को और भी ज्यादा मजबूत कर सकते हैं और अपने पार्टनर के दूर रहने के बाद भी उनके पास होने का एहसास करा सकते हैं।

### जानें इसके बारे में

वर्चुअल डेट नाइट उन कपल्स के लिए काफी सही



विकल्प है, जो एक दूसरे से मीलो दूर रहे हैं। इस वर्चुअल डेट नाइट के जरिए कपल्स एक-दूसरे के साथ समय बिता सकते हैं। भले ही वो असल जिंदगी में एक-दूसरे से दूर हों, लेकिन भावनात्मक और मानसिक रूप से वो अपने पार्टनर को वर्चुअल डेट नाइट के जरिए अपने पास पाएंगे। अगर आप भी वर्चुअल डेट नाइट प्लान करना चाहते हैं तो कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं।

### एक साथ खाना

भले ही आप एक-दूसरे से दूर हैं, लेकिन आप चाहें तो ऑनलाइन ही डिनर डेट प्लान कर सकते हैं। इसके लिए आप दोनों लोग एक ही प्रकार का खाना बना सकते हैं या ऑर्डर कर सकते हैं और फिर वीडियो कॉल पर एक साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। ध्यान रखें कि इस डेट के दौरान सिर्फ आप दोनों ही हों।

### कॉफी डेट

कॉफी डेट सिर्फ इसलिए रखी जाती है, ताकि आप वहां आराम से कॉफी पीते-पीते अपने पार्टनर के मन की बातें जान सकें। ऑनलाइन भी आप ऐसा कर सकते हैं। घर पर कॉफी बनाकर अपने पार्टनर के साथ वीडियो कॉल करें और उनके मन की बातें जानें।

### फिल्म या शो देखना

आजकल तो कितने सारे ओटीटी प्लेटफॉर्म भी हैं, जिनकी मदद से आप एक साथ एक जैसी ही फिल्म या सीरीज देख सकते हैं। इसके लिए बस अपने-अपने गैजेट पर एक जैसा शो या फिल्म लगाकर एक ही समय पर एक ही फिल्म या शो देख सकते हैं।



## अपने घर में बीमारी और तनाव को दूर करने ध्यान दें वास्तु दोष पर, करें उपाय



घर में वास्तु दोष हो तो कई प्रकार की परेशानियां जैसे कि पारिवारिक क्लेश, शुभ कार्यों में बाधा, तरक्की का रुक जाना, दांपत्य जीवन में दरार, घर में बीमारी का जन्म लेना, मानसिक तनाव आदि परिस्थितियां जन्म लेने लगती हैं।

घर में वास्तु दोष हो तो कई प्रकार की परेशानियां जैसे कि पारिवारिक क्लेश, शुभ कार्यों में बाधा, तरक्की का रुक जाना, दांपत्य जीवन में दरार, घर में बीमारी का जन्म लेना, मानसिक तनाव आदि परिस्थितियां जन्म लेने लगती हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि घर का वास्तु दोष जल्दी से जल्दी ठीक किया जाए।

इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि बिना पैसा खर्च किये बस आपको घर में मौजूद कुछ चीजों की जगह बदल देनी है, इससे आपके घर का वास्तु दोष अपने आप ही दूर हो जाएगा। आइये जानते हैं इस बारे में विस्तार से।

### घर के मंदिर का स्थान बदलें

घर में मंदिर अगर आपका गलत दिशा में है तो सबसे ज्यादा वास्तु दोष इसी कारण से पैदा होता है। ऐसे में यह जरूरी है कि घर के मंदिर को सही दिशा में रखें यानी कि पूर्व, उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा में रखें।

अगर मंदिर पहले से ही सही दिशा में रखा हुआ है तो उसे हल्का सा हिला दें और मंदिर में बांसुरी अवश्य रखें।

### घर के बेड का स्थान बदलें

दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए बेडरूम के बेड को उत्तर, पश्चिम या फिर उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें। वहीं, बेडरूम के अलावा भी कोई और बेड घर में है तो उसे घर की दक्षिण दिशा में रखें। अगर पहले से ही सही दिशा में बेड रखें हैं तो बेड में लाल कपड़े में कलावे से बांधकर हल्दी की गांठ छुपाकर रखें।

### घर में लगे शीशे का स्थान बदलें

घर में शीशे को पूर्व या उत्तर दिशा की दीवार पर लगाना शुभ माना जाता है। अगर शीशा इस दिशा में नहीं लगा है तो लगा लीजिए और अगर लगा हुआ है तो शीशे के पिछले हिस्से पर कपूर जलाकर उससे बनने वाले काजल का टीका लगाएं। इससे शीशे से जन्म लेनी वाली नाकारात्मक ऊर्जा खत्म होगी।

## प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता होगी आज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति की ओर से स्व. गुलाब चंद शर्मा स्मृति प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 05 अक्टूबर को ₹किया जा रहा है। जिसमें पुरुष एकल (आयु वर्ग 40), पुरुष एकल (आयु वर्ग 50), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60), पुरुष एकल (आयु वर्ग 65), पुरुष एकल (आयु वर्ग 70), पुरुष एकल (आयु वर्ग 75) एवं महिला एकल (आयु वर्ग 40), महिला एकल (आयु वर्ग 60) कुल मिलाकर 08 वर्गों में आयोजित की जा रही है जिसके लिए प्रतियोगिता स्थल एवं समस्त प्रतिभागियों हेतु सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से कुल मिलाकर लगभग 130 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल्स भाग ले रहे हैं एवं प्रतियोगिता लीग पद्धति में खेली जायेगी। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रायपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा होंगे। मैच सुबह 09 बजे से खेले जायेंगे। मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे हैं। उपरोक्त जानकारी आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

कार्नर न्यूज

## आपके घर में है उपाय, सुनार के पास जाने की जरूरत नहीं

# चांदी के जेवरात और मूर्तियों को चमका सकती हैं अपने घर पर ही, आसान से उपाय हैं बड़े काम के

अधिकतर लोगों के घर में चांदी के जेवर तो होते हैं, साथ ही उनके आराध्य की मूर्तियां भी मिल जाएगी। धनतेरस पर अक्सर लोग चांदी की मूर्तियां खरीदते हैं। दिवाली का पर्व नजदीक है और लोग इस समय घर की सफाई में जुट गए हैं। फर्श, कोने, दीवारें, दरवाजे और खिड़कियों से लेकर मंदिर तक घर के कोने-कोने में सफाई की जाती है। दिवाली पर लोग घर के पूजा स्थल और मंदिर की भी खास सफाई करते हैं। माना जाता है कि घर साफ रखने पर दिवाली पर माता लक्ष्मी का उनके घर में वास होता है।

घर में सुख-शांति और समृद्धि का आगमन होता है। इसलिए, इस मौके पर लोग चांदी की मूर्तियों की भी सफाई करते हैं। चांदी की मूर्तियों की सफाई करना इतना आसान नहीं है, इसलिए लोग सुनार के पास लेकर जाते हैं।

हालांकि, इसे घर पर कुछ टिप्स को फॉलो करके आप साफ कर सकती हैं। इससे चांदी खराब भी नहीं होगी और आपकी मूर्तियां भी चमक जाएगी। आज हम आपको लक्ष्मी-गणपति भगवान की मूर्ति को चमकाने के कुछ आसान टिप्स बताएंगे।



### नींबू की मदद से कैसे चमकाएं?

नींबू की मदद से साफ करने के लिए आपको सबसे पहले एक बर्तन में पानी गर्म करना है। पानी हल्का गर्म करें, ताकी आपका हाथ न जले। इसमें 1 चम्मच नमक मिलाएं और 2 से 3 चम्मच नींबू का रस डालें।अब आप चांदी की मूर्तियों को हल्के गर्म पानी में डुबोकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद आप साफ टूथब्रश की मदद से हल्के हाथ से मूर्तियों को साफ करें। आप देखेंगी कि चांदी पर जमी गंदगी साफ हो गई है।

### सिरका और बेकिंग सोडा

इसके लिए आप एक बर्तन में गर्म पानी लें। इसमें आप 2 से 3 चम्मच सिरका मिलाएं। अब आप इसमें आधा चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। इसके बाद आप चांदी की मूर्तियों को पानी में डुबोकर छोड़ दें। अब 10 से 15 मिनट के लिए सिरके वाले पानी में ही रहने दें। इसके बाद आप मूर्ति को निकालें और ब्रश की मदद से हल्के हाथ से साफ करें। यह मूर्तियों का कालापन खत्म करने का आसान तरीका है।

### टूथपेस्ट और नींबू

कुछ लोग टूथपेस्ट का यह हैक मूर्तियों के साथ करना पसंद नहीं करते। हालांकि इसकी मदद से आप कालापन दूर कर सकती हैं। टूथपेस्ट की मदद से निशान साफ करना और मूर्ति पर जमी गंदगी साफ करना भी आसान होता है। इसके लिए आपको केवल एक बर्तन में 1 चम्मच नींबू का रस लेना है। अब आप इसमें 1 चम्मच टूथपेस्ट लें। इसके बाद इसे ब्रश की मदद से मिलाएं और मूर्ति पर लगाएं। मूर्ति पर लगाकर हल्के हाथ से ब्रश से साफ करें और धो लें। इस तरह आप देखेंगी की मूर्ती नए जैसी चमकने लगी है।यह चांदी की चमक बनाए रखना का अच्छा तरीका है।

### अंडे का करें इस्तेमाल

चांदी साफ करने के लिए एक अंडे को उबाल लें और उसकी जर्दी को अलग कर लें। अब इस जर्दी को एक प्लास्टिक के कंटेनर में डालें और इसके ऊपर एक वायर रैक या जाली रख दें। अब उस रैक के ऊपर चांदी का सामान रखें। चांदी का सामान रखते हूए ध्यान रखें।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### वर्ल्डवाइड 50,000 करोड़ कमाने वाली पहली जापानी फिल्म 'डेमन स्लेयर' ने रचा इतिहास



जापानी एनिमे फिल्म 'डेमन स्लेयर इनफिनिटी कैसल पार्ट 1 ने दुनियाभर में धमाल मचाते हुए नया बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड बनाया है। यह पहली जापानी फिल्म बन गई है जिसने वैश्विक स्तर पर 600 मिलियन डॉलर यानी करीब 50,000 करोड़ रुपये की कमाई की है। अब तक इसका कुल कलेक्शन 606.5 मिलियन डॉलर यानी लगभग 50,642 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है और आने वाले हफ्तों में यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। फिल्म ने जापान में अब तक 235.7 मिलियन डॉलर (करीब 19,681 करोड़ रुपये) का कारोबार किया है। नॉर्थ अमेरिका से 115.8 मिलियन डॉलर (करीब 9,669 करोड़ रुपये) की कमाई हुई है। वहीं अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों से 255 मिलियन डॉलर (करीब 21,293 करोड़ रुपये) की आमदनी हुई है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि फिल्म अपनी रनिंग अवधि में 675 मिलियन डॉलर (करीब 56,362 करोड़ रुपये) तक पहुंच सकती है। अगर इसे चीन में थिएटर रिलीज़ मिलती है तो आंकड़ा और आगे जा सकता है।

जापान में इनफिनिटी कैसल अभी भी टॉप पर बनी हुई है। 27 सितंबर को भी इसने 1.2 मिलियन डॉलर (करीब 100 करोड़ रुपये) कमाए और घरेलू आंकड़ा 234.7 मिलियन डॉलर (करीब 19,584 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया। वहीं अमेरिका में तीसरे हफ्ते में 60 फीसदी की गिरावट आने के बावजूद फिल्म ने 1.8 मिलियन डॉलर (करीब 150 करोड़ रुपये) जुटाए और कुल 118 मिलियन डॉलर (करीब 9,853 करोड़ रुपये) का आंकड़ा छू लिया। फिल्म का निर्देशन हारुओ सोटोजाकी ने किया है और इसे उफोटेबल ने प्रोड्यूस किया है। यह कोयोहारू गोटौगे की मशहूर मंगा पर आधारित है।

## टॉलीवुड

### 'कांतारा चैप्टर 1' की सफलता पर भावुक हुए ऋषभ, फैंस का किया शुक्रिया अदा



फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से हैरान कर दिया है। फिल्मों को लेकर दर्शकों में काफी क्रेज है। फिल्म के निर्देशक, अभिनेता ऋषभ शेट्टी ने फैंस का शुक्रिया किया। साथ ही अपने शुरुआती संघर्ष के बारे में भी बात की है।

साल 2022 में रिलीज हुई 'कांतारा' फिल्म की अगली कड़ी 'कांतारा चैप्टर 1' रिलीज हो चुकी है। ऋषभ शेट्टी निर्देशित 'कांतारा चैप्टर 1' ने पहले दिन ही 60 करोड़ रुपये की कमाई की है। दूसरे दिन भी यह शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म को मिले इतने प्यार के लिए ऋषभ शेट्टी ने दर्शकों का, फैंस का शुक्रिया अदा किया है।

'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया, 'कांतारा चैप्टर 1' की धूम पूरे देश में गूंज रही है। 24 घंटों में 1.28 मिलियन से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने साल 2025 में पहले दिन बुकमॉयशोइन पर सबसे ज्यादा टिकट ब्रिकी दर्ज की है।

ऋषभ शेट्टी ने अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' की सफलता को लेकर जानकारी दी। इसके साथ ही अपना एक पुराना ट्वीट भी शेयर किया है। जिसमें वह अपने स्ट्रगल का जिक्र करते हैं। ऋषभ शेट्टी ने पुराने ट्वीट में लिखा है, '2016 में एक ईवनिंग शो पाने के लिए संघर्ष करने से लेकर 2025 में 5000 से ज्यादा हाउसफुल शो तक का सफर। यह सफर आपके प्यार, सपोर्ट और भगवान की कृपा के अलावा और कुछ नहीं है। इसे संभव बनाने वाले हर एक व्यक्ति का हमेशा आभारी रहूंगा।'

अभिनेता, निर्देशक ऋषभ शेट्टी ने दर्शकों से गुजारिश की है कि फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' के वीडियो रिकॉर्ड करके ऑनलाइन शेयर ना करें। वह एक अन्य एक्स (ट्विटर) पोस्ट में लिखते हैं, 'फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' जितनी हमारी है, उतनी ही आपकी भी है। आपके प्यार ने इसे सचमुच यादगार बना दिया है।

## भोजपुरी

### खेसारी के साथ 'लाल घघरी' में अकांक्षा ने फिर ढाया कहर, मिल रही वाहवाही



' कमर के दरद', 'लटक जईबS', 'नथुनिया 2', 'लोहा गरम' जैसे गानों में पहले भी खूब धमाल मचा चुकी सुपरस्टार खेसारीलाल और आकांक्षा पुरी की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों के सामने हाजिर है। दोनों का नया गाना 'लाल घघरी' रिलीज़ होते ही सोशल मीडिया और यूट्यूब पर छा गया है। सुर म्यूज़िक के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज यह गाना कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज पार कर गया और ट्रेंडिंग लिस्ट में जगह बनाने की ओर बढ़ रहा। गाने का म्यूजिक, बोल और सबसे खास खेसारीलाल और आकांक्षा की केमेस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है।

गाने के रिलीज़ पर खेसारीलाल यादव ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 'लाल घघरी एक ऐसा गाना है जो हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगा। इसमें मस्ती, संगीत और एनर्जी सब कुछ है। मेरी कोशिश हमेशा यही रहती है कि दर्शकों को एंटरटेनमेंट का डबल डोज़ मिले और मुझे खुशी है कि यह गाना रिलीज़ के साथ ही लोगों के दिलों में जगह बना रहा है।' वहीं आकांक्षा पुरी ने भी कहा कि खेसारीलाल के साथ काम करना बेहद खास अनुभव है और भोजपुरी इंडस्ट्री के दर्शकों का जो प्यार मिल रहा है, वह अभूतपूर्व है। बता दें कि अकांक्षा और खेसारी की जोड़ी इससे पहले ' कमर के दरद', 'लटक जईबS', 'नथुनिया 2', 'लोहा गरम' जैसे गानों में पहले भी खूब धमाल मचा चुकी है। इस गाने के मार्केटिंग विजय यादव और प्रचार-प्रसार की जिम्मेजिक के बैनर तले रिलीज़ हुआ 'लाल घघरी' भोजपुरी इंडस्ट्री के लिए एक और यादगार हिट गाना बनकर उभरा है। गाने की सफलता यह दर्शाती है कि भोजपुरी संगीत आज सिर्फ क्षेत्रीय स्तर तक सीमित नहीं है।




यूरोप की मशहूर मॉडल बरबेरी, राल्फ लॉरेन और लुई वुइटनएस्ट्रॉप शहरी ठाठ की नुमाइश कर रही है। जिसे शरद ऋतु 2025 के लिए रोज़मर्रा के बेहतरीन कपड़ों को क्लासिक कंट्री एलिमेंट्स के साथ जोड़ा गया है। इनमें पैनटोन कलर ऑफ़ द ईयर, मोका मूस के साथ-साथ रिच प्लम, गोल्डन बेज और डीप ऑलिव जैसे अन्य ट्रेंडिंग रंग शामिल हैं। मुख्य कपड़ों में मैनर शर्ट, कॉर्ड मिडी-ड्रेस, डबल-ब्रेस्टेड ट्रेंच कोट और बहुमुखी बारबोर टार्टन क्रॉसबॉडी बैग शामिल हैं।

# साड़ी के साथ बालों में लगाएंगी गजरा तो आपसे निगाहें नहीं हटेंगी उनकी

ट्रेडिशनल लुक में जान डालने के लिए लेटेस्ट डिजाइन के कपड़ों के साथ-साथ इनकी स्टाइलिंग भी सही तरीके से की जानी बेहद जरूरी होती है। स्टाइलिंग की बात करें तो इसमें सही हेयर स्टाइल चुनना और इन्हें स्टाइल करने के लिए हेयर एक्सेसरीज का रोल अहम होता है। आजकल नकली से ज्यादा असल फूलों से बनी हेयर एक्सेसरीज को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं गजरे को बालों में अलग-अलग तरह से स्टाइल करने के आसान तरीके।

## जुड़े में कैसे लगाएं गजरा?

बालों में गजरे लगाना लगभग हम सभी पसंद करते हैं। सिंपल और बोरिंग जुड़े को आप इस तरह से गजरे से कवर करके फैंसी और स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। बता दें कि गजरे के जाल से लेकर बाहरी तरफ से गोलाई में लगाकर भी गजरे से जुड़े को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्लीक स्टाइल हेयर स्टाइल में यह एक्सेसरी सबसे ज्यादा पसंद की जाती है। आप चाहें तो डोनट लगाकर सिंपल बन के साथ में लपेट कर भी बन को पूरा कर सकती हैं।

## फूलों को जुड़े में कैसे लगायें?

सिंपल गजरे के अलावा आप बालों में ताजे फूलों को अलग-अलग



तरह से स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आप छोटी कलियों वाले रंग-बिरंगे फूलों को जुड़े पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप मोगरे के फूलों को अलग-अलग करके छोटे साइज के फूलों के साथ पिन लगाकर बालों में लगा सकती हैं।

## चोटी में गजरा लगाने का आसान तरीका क्या है?

बालों में गजरे को आप चोटी पर भी लगा सकती हैं। चोटी में आप गजरे की लेयर को 2 से 3 करके ऊपर से नीचे की तरफ लपेट कर लगा सकती हैं। इस तरह का हेयर लुक खासकर लम्बे बालों पर ज्यादा खूबसूरती से नजर आता है।

# कूल लुक के लिए जींस के साथ वियर करें न्यू डिजाइंस वाले टॉप



आउटिंग और ऑफिस में महिलाएं जींस पहनना पसंद करती हैं। जींस में जहां वो कंफर्टेबल रहती हैं तो वहीं स्टाइलिश भी नजर आती है। लेकिन अगर आप कूल चाहती हैं तो आप जींस के साथ ये न्यू डिजाइंस वाले टॉप का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ फ्लोरल टॉप दिखा रहे हैं जो आप जींस के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इस तरह के टॉप में जहां आप कूल नजर आएंगी तो वहीं आप खूबसूरत भी लगेंगी।



## फ्लोरल ए-लाइन टॉप



जींस के साथ कूल लुक के लिए आप इस तरह के फ्लोरल ए-लाइन टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यह फ्लोरल ए-लाइन टॉप कॉटन में है और सिंपल लुक पाने के लिए ये टॉप बेस्ट है। इसे आप 500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं जो कि आपको बाजार या ऑनलाइन दोनों ही जगहों पर आसानी से मिल जाएगा। इस टॉप को व्हाइट, ब्लू और ब्लैक डेनिम के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

## शॉर्ट स्लीव फ्लोरल टॉप

यह शोर्ट स्लीव्स वाली फ्लोरल टॉप भी आप ऑफिस या आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं। यह टॉप पॉलिएस्टर फैब्रिक में है और इसमें बेहद ही खूबसूरत फ्लोरल डिजाइन बनाया गया है।वहीं इस तरह के टॉप को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 500 रुपये से कम कीमत में खरीद सकती हैं। इस टॉप को आप ब्लैक कलर ट्राउजर या जींस के साथ आप वियर कर सकती हैं।

## कॉलर डिजाइन फ्लोरल टॉप

यह कॉलर डिजाइन फ्लोरल टॉप भी कूल लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस टॉप में बेहद ही खूबसूरत फ्लावर्स के डिजाइन बनाए गए हैं। इस तरह के टॉप को आप ऑफिस के दौरान वियर कर सकती हैं। यह कॉलर डिजाइन फ्लोरल टॉप आपको 500 रुपये से 600 रुपये की कीमत में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों पर मिल जाएगा। इस टॉप को आप डेनिम के साथ साथ स्टाइल कर सकती हैं।

# डेली वियर के लिए पहनें सुई-धागे वाले डिजाइन, खिल उठेगा रूप

फैशन के बदलते दौर में कुछ डिजाइंस आज भी एवरग्रीन पहनने पसंद किए जाते हैं। इसी तरह से सुई-धागा के डिजाइन हमेशा पसंद किए जाते हैं। डेली वियर के लिए पार्टी लुक के लिए इसमें आपको गोल्ड, सिल्वर, डायमंड व आर्टिफिशियल डिजाइन में कई तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी।

इन इयररिंग्स में आपको झुमकी के साथ में भी काफी डिजाइंस देखने को मिलेंगे।



इयररिंग्स में पार्टी लुक के लिए आप डबल झुमकी स्टाइल सुई-धागा इयररिंग्स को चुनें।

## चेन डिजाइन सुई-धागा

अगर आप वेस्टर्न से लेकर इंडो-वेस्टर्न या एथनिक लुक में कानों में सुई-धागा पहनना चाहती हैं तो इस तरह से चेन वाले डिजाइन के इयररिंग्स अपने लिए चुन सकती हैं। देखने में इसा तरह का डिजाइन हर तरह के फेस शेप को सटल लुक देने का काम करता है।

## झुमकी डिजाइन सुई-धागा

झुमकी इयररिंग्स हम सभी के चेहरे पर बेहद खूबसूरत लुक देने का काम करती है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस और साइज देखने को मिल जाएंगे। कोशिश करें कि इस तरह के

## फ्लोरल डिजाइन सुई-धागा

फ्लोरल में आपको सिंपल फूल और पत्तियों के अलावा लोटस यानी कमल के फूल के डिजाइंस में भी कई तरह के सुई-धागा इयररिंग्स देखने को मिल जाएंगे। इसमें आपको पर्ल के साथ में काफी सटल कलर ऑप्शन और मिनिमल लुक वाले डिजाइंस भी मिलेंगे।

## स्टोन डिजाइन सुई-धागा

स्टोंस में वैसे तो कई कलर ऑप्शन देखने को मिल जाते हैं, लेकिन इसमें आपको ज्यादातर ग्रीन और रेड या मैरून स्टोन वाले डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे।

# आंखों में रोजाना काजल लगाने के नुकसान भी

रोजाना काजल लगाने वाली महिलाओं को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि आप अच्छी गुणवत्ता वाले, नेचुरल और हाइपोएलर्जेनिक उत्पादों से बने काजल का इस्तेमाल कर रहीं हैं। ये थोड़े महंगे जरूर आएंगे, लेकिन इनसे आंखों को ज्यादा खतरा नहीं रहेगा। यदि आप ऐसा नहीं करेंगी तो आंखों को खतरा बना रहेगा। यहां आंखों में रोजाना काजल लगाने के पांच बड़े नुकसान बताए जा रहे हैं, जिनके बारे में हर किसी को पता होना चाहिए।

## इंफेक्शन का खतरा

बाजार में मिलने वाले काजल का इस्तेमाल अगर आप कभी-कभार कर रहे हैं, तब तो ठीक है, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। दरअसल, काजल में हानिकारक रसायन या बैक्टीरिया हो सकते हैं, जो आंखों में संक्रमण का कारण बन सकते हैं। ऐसे में अगर काजल इस्तेमाल कर भी रहे हैं, तो इसकी क्वालिटी का खास ध्यान रखें।

## एलर्जी का खतरा

बहुत से लोगों को ये नहीं पता होता है कि काजल से आंखों में एलर्जी भी हो सकती है। दरअसल, बाजार में मिलने वाले कई काजल में ऐसे रसायन तत्व होते हैं जो



आंखों में एलर्जी का कारण बन सकते हैं। इससे आंखों में सूजन, लालिमा और जलन हो सकती है। ऐसे में यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो काजल कि इस्तेमाल से बचें।

## आंसू की नलियां हो सकती हैं बंद

यदि आप नियमित रूप से काजल का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आंसू की नलियां बंद हो सकती हैं। जिसकी वजह से आंखों में सूजन, दर्द की समस्या का सामना आपको करना पड़ सकता है।

## धुंधला दिखना

कई बार ऐसा होता है कि जह काजल ज्यादा लग जाता है तो ये आंखों के अंदर चला जाता है।

कार्नर न्यूज

## आपके शरीर के शेप के अनुसार फिटिंग होनी चाहिए टी शर्ट की

# स्टाइलिश लुक के लिए परफेक्ट टी-शर्ट होना चाहिए आपकी पसंद, टिप्स को फॉलो कर कीजिए सलेक्ट

टी-शर्ट एक ऐसा परिधान है, जो लड़कियों के साथ-साथ लड़कों तक के पास मिलेगा। एक तो इसे कैरी करना काफी आसान होता है। वहीं ये शर्ट के मुकाबले में सस्ती आती हैं। यही वजह है कि आज के समय में हर कोई शर्ट से ज्यादा टी-शर्ट पहनना पसंद करता है। इसे जींस के अलावा पैंट के साथ भी पहना जा सकता है।

बहुत से लड़के तो टी-शर्ट को ब्लेजर के साथ कैरी करते हैं, जिसकी वजह से लुक भी स्टाइलिश लगता है। ऐसे में अगर आप टी-शर्ट खरीदने जा रहे हैं तो यहां हम आपको सही टी-शर्ट चुनने के टिप्स देने जा रहे हैं, जिसे फॉलो करके आप अपने लिए परफेक्ट टी-शर्ट सेलेक्ट कर सकते हैं। इन टिप्स को फॉलो करने के बाद आपका लुक भी स्टाइलिश दिखेगा।

## सही हो साइज

अक्सर आप टी-शर्ट का साइज ही गलत चुनेंगे तो आपका लुक बिगड़ सकता है। दरअसल, टी-शर्ट न बहुत टाइट होनी चाहिए और न ही बहुत ढीली। ये हमेशा आपके शरीर



के शेप के अनुसार फिटिंग होनी चाहिए।

## सही हो फैब्रिक

टी-शर्ट खरीदते वक्त ध्यान रखें कि इसका फैब्रिक मौसम के हिसाब से ही होना चाहिए। जैसे कि अभी बारिश और गर्मी का मौसम कॉटन, पॉलिएस्टर या मिश्रित फैब्रिक वाली टी-शर्ट्स लें। ये जल्दी सूखती हैं, ऐसे में ये खेल या एक्सरसाइज के लिए भी अच्छी होती हैं।

## क्वालिटी हो सही

टी-शर्ट खरीदते वक्त उसकी क्वालिटी का ध्यान अवश्य रखें। अच्छी गुणवत्ता वाली टी-शर्ट्स लंबे समय तक चलती हैं और धुलाई के बाद भी खराब नहीं होतीं। वरना एक ही धुलाई में इसका लुक खराब हो जाता है।

## सही नेक का करें चयन

राउंड नेक टी-शर्ट क्लासिक होती हैं जबकि वी-नेक टी-शर्ट आपकी गर्दन को लंबा दिखाने में मदद कर सकती हैं। ऐसे में इसे अपनी पसंद के हिसाब से चुनें। इसे खरीदते वक्त एक बार ट्राई करके देख लें कि आप पर क्या जच रहा है।

## रंग और पैटर्न भी होना चाहिए सही

टी-शर्ट का रंग आपकी पर्सनैलिटी और अवसर के अनुसार ही होना चाहिए। कुछ रंग जैसे सफेद, काला, ग्रे हमेशा से फैशन में रहते हैं। इसके साथ ही टी-शर्ट के पैटर्न जैसे प्रिंट्स, ग्राफिक्स, या प्लेन टी-शर्ट्स का चयन अपने स्टाइल के हिसाब से करें।

